www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 37.c
26.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 87.400g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 आर्थिकी को ताकत देती घरेलू मांग, मध्य वर्ग की क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था की नई ताकत बन गई
तहसील में महिला लेखपाल से छेड़छाड़ 04

वर्ष :08 | अंक :251 | मुंबई ,मंगलवार ,04 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## खड्ड में ट्रक पलटने से दो लोगों की मौत

मैनपुरी जिले के घिरोर क्षेत्र में कानपुर जा रहे लकड़ी से लदे ट्रक के अनियंत्रित होकर एक खड्ड में पलट जाने से उसके चालक और परिचालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम कानपुर जा रहा लकड़ी से लदा एक ट्रक घिरोर क्षेत्र में फैजपुर गांव के पास संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क के पास खड्ड में पलट गया। इस घटना में ट्रक के चालक नरेंद्र पाल सिंह ( 48 ) और परिचालक ऋषि कुमार ( 25 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से ट्रक की बॉडी काटकर दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जंगली सुअर के हमले में एक किसान की मौत

केरल में कन्नूर के पास पनूर में जंगली सुअर के हमले में 75 वर्षीय एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि श्रीधरन नामक यह किसान रविवार की सुबह करीब नौ बजे अपने खेत में गया था तभी उसपर सुअर ने हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, किसान की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन उसने चोटों के चलते दम तोड़ दिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, कथिरुर पुलिस द्वारा पूछताछ की कार्यवाही पूरी होने के बाद परियाराम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। विधायक के पी मोहनन ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि राज्य के वन मंत्री ए के ससींद्रन ने श्रीधरन के परिवार के लिए 10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। वन मंत्री ए के शशिन्द्रन ने कहा कि उन्होंने घटना के संबंध में जिलाधिकारी और मुख्य वन संरक्षक से तत्काल रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि इस क्षेत्र में पहले कभी वन्यजीवों से खतरा उत्पन्न होने की कोई सूचना नहीं मिली थी ।और यह इलाका वन विभाग द्वारा चिह्नित हमला संभावित क्षेत्रों में सूचीबद्ध नहीं था। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि वन और पंचायत अधिकारियों की ओर से क्या कोई चूक हुई है? वन मंत्री ने कहा, पंचायतों को जंगली सुअरों को मारने के लिए पहले ही अधिकृत किया जा चुका है। अगर वे कार्रवाई करने में विफल रहे, तो इस निष्क्रियता के कारणों की जांच की जाएगी। कथिरुर पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच की जा रही है और मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# पीएम मोदी ने 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया

### प्रधानमंत्री मोदी अपने गृह राज्य गुजरात के दौरे पर हैं. उन्होंने गिर नेशनल पार्क में लायन सफारी का लुत्फ उठाया

**विश्व वन्यजीव दिवस**

▶▶ इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की थी। यहां से आने के बाद नरेंद्र मोदी रात भर सासन में राज्य वन विभाग के गेस्ट हाउस में रुके है। यहीं से पीएम मोदी शेर सफारी करने गए है। इस शेर सफारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कुछ मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद है।

एजेंसी

गांधीनगरः 'विश्व वन्यजीव दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया. इस दौरान पीएम मोदी ने लायन सफारी का लुत्फ उठाया. एक्स पर शेयर की गई तस्वीरों में पीएम मोदी शेरों की तस्वीर खींचते नजर आए. वर्तमान में एशियाई शेर गुजरात के 9 जिलों में 53 तालुकाओं में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर में निवास करते हैं.राज्य सरकार ने इन जीवों के संरक्षण और अन्य वन्यजीव प्रजातियों की सुरक्षा के लिए कई पहल की है. इसके अतिरिक्त एक राष्ट्रीय परियोजना के हिस्से के रूप में जूनागढ़ जिले के न्यू पिपल्या में 20.24 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर वन्यजीवों के लिए एक राष्ट्रीय रेफरल केंद्र स्थापित किया जा रहा है.इसके अलावा संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने के लिए सासन में वन्यजीव ट्रैकिंग के लिए एक उच्च तकनीक निगरानी केंद्र और एक अत्याधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया गया है. गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य में एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए गए हैं.वर्ष 2024 में उनके नेतृत्व में गिर में संरक्षित क्षेत्रों में गश्त करने और शेरों के आवासों की सुरक्षा के लिए 237 बीट गार्ड ( 162 पुरुष और 75 महिलाएँ ) की भर्ती की गई. गिर में स्थानीय समुदायों की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए 'गिर संवाद सेतु' पहल शुरू की गई है. अब तक 300 ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

**पीएम मोदी ने जूनागढ़ में नेशनल रेफरल सेंटर की आधारशिला रखी; बोले- मई में होगी एशियाई शेरों की गणना**

प्रधानमंत्री ने नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की गई। देश के प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने सासण में कुछ महिला वन कर्मचारियों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन यानी आज प्रधानमंत्री मोदी ने वन्य जीवों के मुद्दे पर अहम बैठक की अध्यक्षता भी की। इस बैठक से पहले उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लेकर अपने दिन की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि एशियाई शेरों की गणना इस वर्ष मई में की जाएगी।




# रोहित शर्मा की फिटनेस पर टिप्पणी से विवाद गरमाया

### कांग्रेस ने शमा मोहम्मद को लगाई फटकार, पोस्ट डिलीट करवाया

▶▶ भाजपा बोली- राहुल की कप्तानी में 90 चुनाव हारे




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा की शमा मोहम्मद की तीखी आलोचना पर विवाद के बीच, कांग्रेस ने सोमवार को उनकी टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और कहा कि पार्टी किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती जो खेल आइकन की विरासत को कमजोर करती है। कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने शर्मा को एक खिलाड़ी के लिए मोटा कहकर और उनकी कप्तानी को देश में सबसे अप्रभावी करार देकर विवाद पैदा कर दिया।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने एक क्रिकेट दिग्गज के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं जो पार्टी की स्थिति को नहीं दशार्ती हैं। खेड़ा ने आगे कहा कि उन्हें एक्स से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है और भविष्य में अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस खेल आइकनों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है और उनकी विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती है। एक्स को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेता ने कहाः रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं! वजन कम करने की जरूरत है! और निःसंदेह, यह भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान है! क्रिकेट प्रशंसकों और भाजपा नेताओं के विरोध का सामना करने के बाद, उन्होंने अपना एक्स पोस्ट हटा दिया।

> कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने एक क्रिकेट दिग्गज के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं जो पार्टी की स्थिति को नहीं दशार्ती हैं।

# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाला

### कहा- वे ससुर के प्रभाव में काम कर रहे थे

एजेंसी



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती ने बड़ा एक्शन लेते हुए भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर दिया है. मायावती ने आकाश आनंद को कल ( 2 मार्च ) पार्टी के सभी अहम पदों से हटा दिया था. अब बसपा चीफ मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है.बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-₹बीएसपी की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी.पूर्व सीएम ने आगे लिखा- ₹लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूँ.उन्होंने लिखा-₹अतः परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा मान्यवर कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के हित, में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

> बसपी चीफ मायावती ने साल 2019 में भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था और अपने छोटे भाई यानी आकाश के पिता आनंद कुमार को बीएसपी का उपाध्यक्ष बनाया था

# बिहार बजट :आधी आबादी पर जोर, महिलाओं के लिए बड़े ऐलान

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस

एजेंसी




बिहार, बिहार सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट विधानसभा में पेश किया। बजट बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिनके पास वित्त विभाग भी है। यह पिछले बजट 2,79 लाख करोड़ रुपये से 38,169 करोड़ अधिक है। बजट पेश करते हुए चौधरी ने कहा कि कैंसर के यार सोसायटी बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बेगुसराय में एक कैंसर अस्पताल खोलेगी क्योंकि सबसे ज्यादा कैंसर मरीज इसी जिले से हैं। चुनावी साल में बजट का फोकस महिलाओं पर रहा है।इसमें वीमेन हाट, महिलाओं के लिए जिम और गरीब लड़कियों की शादी के लिए विवाह मंडप जैसी योजनाओं का ऐलान किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के सिद्धांत और सीएम के 'न्याय के साथ विकास' के सिद्धांत पर आधारित है। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025 और 2026 में शिक्षा पर 60,954 करोड़, स्वास्थ्य पर 20,335, ग्रामीण विकास पर 16,193 और ऊर्जा पर 13,483 करोड़ रुपये खर्च करेगी।सरकार पटना में 'महिला हाट' भी स्थापित करेगी और राज्य की सभी पंचायतों में 'कन्या विवाह मंडप' बनाये जायेंगे। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पिछड़े वर्ग और अत्यंत पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति राशि भी 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह कर दी है। चौधरी ने कहा कि सरकार राज्य के प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू करेगी। उन्होंने कहा, इन बसों में ड्राइवर और कंडक्टर भी महिलाएं होंगी। राज्य के प्रमुख शहरों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे और प्रशिक्षक भी महिलाएं होंगी।

> बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है. ऐसे में किसानों पर भी नीतीश सरकार ने फोकस किया है. सरकार बिहार में अरहर, मूंग और उरद दाल को एमएसपी पर खरीदने का काम करेगी. सभी अनुमंडल-ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना होगी. 21 बाजार समिति के आधुनिकीकरण के लिए 1289 करोड़ की योजना बनायी गई है.

# विकसित दिल्ली के लिए सीएम रेखा गुप्ता ने जनता से मांगे सुझाव

### व्हाट्सएप नंबर भी किया जारी

▶▶ सीएम गुप्ता ने आगे कहा कि महिला सम्मान योजना समेत बीजेपी द्वारा किए गए सभी वादों को बजट में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 5 मार्च को सभी महिला संगठनों को संवाद के लिए विधानसभा में आमंत्रित किया गया है, ताकि वे बजट पर अपने सुझाव साझा कर सकें।



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार 24 से 26 मार्च के बीच दिल्ली का बजट पेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि बजट 'विकसित दिल्ली' के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करेगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के सुझाव शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट 'विकसित दिल्ली' बजट है और हम लोगों के सभी सुझावों को शामिल करने और अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं जैसे महिलाओं को वित्तीय सहायता, प्रदूषण पर नियंत्रण, गरीबों को सस्ता और स्वस्थ भोजन, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधा, यमुना नदी की सफाई और भी बहुत कुछ। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट पर लोगों के सुझाव के लिए एक व्हाट्सएप नंबर (9999962025) जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, इसे जनता का बजट बनाने के लिए हम पांच मार्च को विधानसभा परिसर में विभिन्न महिला संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे।

# गंदी भाषा टैलेंट नहीं, रणवीर अलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

### शर्तों के साथ पॉडकास्ट शुरू करने की मिली अनुमति

> सुप्रीम कोर्ट के नोट में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों के प्रसारण या प्रसारण को रोकने के लिए कुछ नियामक की आवश्यकता हो सकती है जो हमारे समाज के ज्ञात नैतिक मानकों के संदर्भ में स्वीकार्य नहीं हैं।

एजेंसी



नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अलाहाबादिया को अपने कार्यक्रम में शालीनता बनाए रखने की शर्त पर द रणवीर शो का प्रसारण फिर से शुरू करने की अनुमति दी। हालांकि, शो प्रसारित करने की अलाहाबादिया की याचिका पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उन्हें कुछ समय के लिए चुप रहने दें। तुषार मेहता ने रणवीर अलाहाबादिया की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इंडियाज गॉट टैलेंट में की गई उनकी टिप्पणी अश्लील और अनुचित है।

इससे पहले पॉडकास्टर रणवीर अलाहाबादिया ने उनके किसी भी कार्यक्रम के प्रसारण पर अगले आदेश तक रोक लगाने वाले आदेश में संशोधन का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अलाहाबादिया ने उच्चतम न्यायालय से कार्यक्रम प्रसारित करने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह उनकी आजीविका का एकमात्र स्रोत है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर के पॉडकास्ट को रद्द करने की अभियोजन पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि वह नैतिकता और शालीनता के अधीन₹ कार्यक्रम चलाने के लिए स्वतंत्र है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वह कह रहे हैं कि कई कर्मचारी हैं, इसलिए ऐसे परिवार भी हैं जिनकी आजीविका का सवाल है। नैतिकता और शालीनता बनाए रखने के अधीन, अगर वह एक कार्यक्रम चलाना चाहते हैं, तो हम कह सकते हैं कि वह ऐसा कर सकते हैं। हालाँकि, शीर्ष अदालत ने अल्लाहबादिया पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बोलने की स्वतंत्रता की अपनी सीमाएँ हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग हास्य नहीं है। पीठ ने कहा, हमारे पास बॉलीवुड में कुछ उत्कृष्ट हास्य कलाकार और हास्य लेखन के मामले में अच्छे लेखक हैं।

# 'तुरंत बच्चे पैदा करो', परिसीमन पर चर्चाओं के बीच एमके स्टालिन की नवविवाहितों से अपील

▶▶ परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए, स्टालिन ने 5 मार्च को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री चाहते थे कि सभी लोग एक साथ आएं और तमिलनाडु के भविष्य पर विचार करें, उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां इसे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए विरोध करना होगा।



एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोगों से तुरंत बच्चे पैदा करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि राज्य के सफल परिवार नियोजन उपायों ने अब उन्हें नुकसान में डाल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनसंख्या-आधारित परिसीमन तमिलनाडु के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को प्रभावित कर सकता है और निवासियों से उनकी अपील पर ध्यान देने का आह्वान किया। बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य पर विचार करते हुए उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले, हम कहते थे, अपना समय लें और बच्चा पैदा करें। लेकिन अब स्थिति बदल गई है और हमें अब यह कहना चाहिए। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक स्टालिन ने अपनी चिंताओं को जनसंख्या जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन लागू होने की संभावना से जोड़ा। उन्होंने कहा, हमने परिवार नियोजन को सफलतापूर्वक लागू किया और अब हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। राज्य पर संभावित प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, स्टालिन ने अपना रुख मजबूत करते हुए कहा, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि अपना समय लें।

चिंता | बोले- हमें बिहार की चिंता है, इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता

# तेजस्वी यादव ने बजट को बताया जुमला

एजेंसी




बिहार। राष्ट्रीय जनता पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बजट 3.17 लाख करोड़ रुपये का है, लेकिन राजस्व नहीं आ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि बात इतनी तक कैसे पहुंची।

उन्होंने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बजट भी बताया। तेजस्वी यादव ने तंज भरे लहजे में कहा कि बजट झूठ की सच्चाई से लिखा हुआ है। इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता है। तेजस्वी ने सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे गिनाए। उन्होंने कहा कि 10 साल में किसी भी ब्लॉक में स्टेडियम नहीं बना। बिहार में पुल टूटने का मुद्दा उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि पुल-पुलिया टूटते रहते हैं। उन्होंने कहा, "हमें बिहार की चिंता है, इन लोगों को सरकार बचाने की चिंता है।" चूंकि यह बजट विधानसभा चुनाव से पहले का आखिरी बजट था, इसलिए तेजस्वी ने कहा, "ये वे लोग नहीं हैं जो दोबारा सत्ता में आएंगे।" तेजस्वी ने यह भी कहा कि वह माई बहन के तहत 200 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। गौरतलब है कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को बिहार विधानसभा में राज्य का 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया. बजट पेश करते हुए चौधरी ने कहा कि कैंसर केयर सोसायटी बनाई जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बेगुसराय में एक कैंसर अस्पताल खोलेगी, क्योंकि सबसे ज्यादा कैंसर मरीज इसी जिले से हैं। भाजपा नेता ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत और सीएम के 'न्याय के साथ विकास' के सिद्धांत पर आधारित है। राजद नेता ने यह भी कहा कि पिछली महागठबंधन सरकार ने बिहार जातीय सर्वे के आधार पर आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% कर दिया था. लेकिन बीजेपी ने इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देकर इसे कानूनी पचड़ों में फंसा दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि 'बीजेपी हमेशा आरक्षण खत्म करने का काम करती है. हम चाहते हैं कि 65% आरक्षण को फिर से बहाल किया जाए.' राजद नेता ने यह भी कहा कि पिछली महागठबंधन सरकार ने बिहार जातीय सर्वे के आधार पर आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% कर दिया था. लेकिन बीजेपी ने इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देकर इसे कानूनी पचड़ों में फंसा दिया।

> तेजस्वी ने सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे गिनाए। उन्होंने कहा कि 10 साल में किसी भी ब्लॉक में स्टेडियम नहीं बना। बिहार में पुल टूटने का मुद्दा उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि पुल-पुलिया टूटते रहते हैं।

# शमा मोहम्मद को मिला टीएमसी सांसद सौगत राय का साथ

### बोले – रोहित शर्मा को तो टीम में ही नहीं होना चाहिए



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय ने सोमवार को एक एक्स पोस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद की 'मोटी' टिप्पणी का समर्थन किया। रॉय ने एएनआई से बातचीत में कहा कि उन्होंने रोहित शर्मा पर जो कहा उससे मैं सहमत हूं। उन्होंने यह टिप्पणी एक क्रिकेट दर्शक के रूप में की, न कि एक राजनेता के रूप में। कब तक बचेंगे रोहित शर्मा? उन्होंने एक बार शतक लगाया था। वह सिर्फ दो, पांच और दस रन ही बना पाते हैं। टीम में होना भी नहीं चाहिए। शमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार देर रात पोस्ट किया था जिसमें उन्होंने शर्मा को मोटा और अप्रभावी कप्तान कहा था।

उन्होंने अपने विवादित पोस्ट को हटा दिया है। शमा ने अपने पोस्ट में कहा था कि शर्मा एक खिलाड़ी होने के लिहाज से मोटे हैं। उन्होंने यह भी कहा था, उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! ... और निश्चित रूप से भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि शमा की टिप्पणी कांग्रेस का मत नहीं है।

> ○ रॉय ने एएनआई से बातचीत में कहा कि उन्होंने रोहित शर्मा पर जो कहा उससे मैं सहमत हूं। उन्होंने यह टिप्पणी एक क्रिकेट दर्शक के रूप में की, न कि एक राजनेता के रूप में।

## सम्पादकीय

# संवैधानिक संस्था की अनदेखी, कैग रिपोर्ट से 'आप' पर उठने लगे सवाल

संवैधानिक नैतिकता और निष्ठा उन्हें समयबद्धता के लिए प्रेरित करती है। ऐसे लोग समय के प्रति जागरूक होते हैं। सब जानते हैं कि महत्वपूर्ण काम समय पर नहीं होते तब व्यापक राष्ट्रीय क्षति होती है। आखिरकार दिल्ली के उपराज्यपाल को रिपोर्ट मिलने और मुख्यमंत्री तक रिपोर्ट पहुंचने तक अधिकतम कितना समय लगना चाहिए? इसमें महीनों लग गए। अनावश्यक लाभ के लिए जानबूझकर की गई देरी क्षमा योग्य नहीं होती।दिल्ली में आम आदमी पार्टी यानी आप सरकार की विदाई के बाद कैग की रिपोर्ट दिल्ली विधानसभा के पटल पर रखने के बाद कई आशंकाएं सही साबित हुई हैं। कैग की रिपोर्ट पूर्ववर्ती सरकार की शराब नीति से लेकर मोहल्ला क्लीनिकों और शासन के कई स्तरों पर चलने वाली योजनाओं पर सवाल उठाती हैं।वस्तुतः आप सरकार ने कैग की रिपोर्ट सदन में रखने के संवैधानिक दायित्व की उपेक्षा की। संभव है कि रिपोर्ट को सदन में न रखने की योजना सोच-समझ कर बनाई गई हो। अतीत में भी कैग की रिपोर्ट खलबली मचाती रही हैं। कैग के कामकाज का यशस्वी इतिहास है। बोफोर्स तोप घोटाला कैग रिपोर्ट के कारण ही राष्ट्रीय मुद्दा बना। 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले की पोल कैग ने ही खोली। कोयला घोटाला कैग की रिपोर्ट से गंभीर मुद्दा बना। 1962 की कैग रिपोर्ट में जीप खरीदने को लेकर तत्कालीन रक्षा मंत्री कृष्णा मेनन भी फंस गए थे। राष्ट्रमंडल खेल आयोजन पर कैग रिपोर्ट से सत्तारूढ़ दल परेशानी में था। यह किसी से छिपा नहीं कि सार्वजनिक धन के अपव्यय या गलत तरीके से इस्तेमाल करने से राष्ट्र को क्षति होती है। भारी भ्रष्टाचार होता है। शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार सामने आने से अंतरराष्ट्रीय बदनामी भी होती है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग एक संवैधानिक संस्था है। अनुच्छेद 148 के अनुसार कैग और संसद भारत के सार्वजनिक धन के उपयोग के पहरेदार हैं। कैग देखता है कि देश की संचित निधि का व्यय संविधान एवं कानून के अधीन ही हुआ है। कैग की रिपोर्ट का विवेचन लोक लेखा समिति द्वारा होता है। समिति में सत्तापक्ष एवं विपक्ष, दोनों के सांसद होते हैं। कैग की रिपोर्ट को नजरअंदाज करना आसान नहीं। यह शक्तिसंपन्न संवैधानिक संस्था है। डा. आंबेडकर ने संविधान सभा में कहा था कि वह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को भारतीय संविधान में शायद सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी के रूप में देखते हैं। हालांकि इंग्लैंड और अमेरिका में उनके समकक्ष अधिकारी के जिम्मे खजांची और लेखाकार के कार्य होते हैं, लेकिन कैग को लेखा परीक्षण के सबसे ज्यादा अधिकार हैं। संसदीय परंपरा में कैग को लोक लेखा समिति का मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक बताया गया है।

## आज का विचार







**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए कल का दिन ऊजार्वान रहने वाला है. आप अपने घर के कामों को निपटाने की भी पूरी कोशिश में लगे रहेंगे. आपके ऊपर जिम्मेदारियो का बौझ अधिक रहेगा

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों को खर्चों पर ध्यान देना होगा. आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है. नए बिजनेस की शुरूआत करने में कुछ विलंब रहेगा, क्योंकि कुछ समस्याएं खड़ी हो सकती हैं. अपने यदि पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल की तो उससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों के लिए कल का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आप कुछ नए कामों को लेकर योजना बनाएंगे. रचनात्मक कार्यों से आपको जोड़ने का मौका मिलेगा. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल का दिन खुशनुमा रहने वाला है. पारिवारिक जीवन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं. आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगेगी. आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयासों में आप तेजी लाएंगे. आपका किसी कोई मित्र आपके घर दावत आ सकता है.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए कल का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है. आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने काफी कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे. आपकी संतान को कहीं बाहर नौकरी मिलने से उन्हें जाना पड़ सकता है.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के लिए कल का दिन सामान्य रहने वाला है. आप किसी बात को लेकर बेवजह न उलझे. आप यदि किसी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको निराशा हाथ लगेगी, लेकिन आपको हिम्मत नहीं हारनी है. जीवनसाथी के साथ मिलकर आप कुछ पारिवारिक समस्याओं को सुलझाएंगे.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातक को जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा. आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे, जिनका आपको अच्छा समर्थन मिलेगा. राजनीतिक और कदम बढ़ा रहे लोगों को अपने विरोधियों से थोड़ा सावधान रहना होगा. आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों को अच्छे सफलता मिलेगी. आप अपने घर किसी नये इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल का दिन बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा. यदि आपकी कोई पारिवारिक समस्या आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी जल्द सुलझेगी.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए कल का दिन मध्यम रुप से फलदायक रहने वाला है. आपको किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए कल का दिन मिला जुला रहने वाला है. आपको कार्यक्षेत्र में अपने बॉस से मनपसंद काम मिलने से आप खुश रहेंगे. आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे. परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों के लिए कल का दिन बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है. आप किसी नए काम की शुरूआत करने की योजना बनाएंगे और आपको किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिल सकता है.

**मीन राशि :**मीन राशि के जातको को अपने कामों को धैर्य व संयम से निपटाने की आवश्यकता है, जिसके लिए आपको मेहनत भी अधिक करनी होगी. आप काम के साथ-साथ अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान दें. आप लोगों को जागरूक करने की भी कोशिश करेंगे. राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# आर्थिकी को ताकत देती घरेलू मांग, मध्य वर्ग की क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था की नई ताकत बन गई

**'वैश्विक व्यापार में आ रहे नए परिवर्तन के मद्देनजर भारत को मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाना होगा। इसीलिए भारत द्विपक्षीय व्यापार वाताओं और मुक्त व्यापार समझौतों की राह पर तेजी से बढ़ भी रहा है। हाल में भारत और यूरोपीय आयोग के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता हुई है।'**

इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से एशिया से लेकर यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं तक हाहाकार मचा हुआ है। कनाडा और मेक्सिको के आयात पर 25 प्रतिशत और चीन के आयात पर भी 10 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने से अमेरिका और उसके सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों के बीच नया व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका है। भारत भी टैरिफ वृद्धि के मद्देनजर अमेरिका के निशाने पर है। इसे लेकर भारत में टेक्सटाइल, दवाई, आटोमोबाइल, इस्पात, एल्यूमीनियम और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में चिंताएं हैं। सेंसेक्स और निफ्टी भी बड़ी गिरावट के दौर में हैं। ऐसे में भारत अमेरिका को उपयुक्त टैरिफ रियायतों के साथ अपनी मजबूत घरेलू मांग को और तेजी से बढ़ाने तथा द्विपक्षीय व्यापार वाताओं के साथ ट्रंप के टैरिफ वार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। यह भारत के लिए ट्रंप के टैरिफ से जंग में सबसे मजबूत हथियार है। डेलायट इंडिया और रिटेलर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (आरएआइ) के अनुसार भारतीय उपभोक्ता बाजार में जो निजी खपत वर्ष 2013 में 87 लाख करोड़ रुपये थी, वह 2024 में दोगुनी से भी अधिक



183 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। इनके अनुसार 2026 में भारत बढ़ती खपत के कारण दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जाएगा। नि:संदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्य वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण के बलबूते भारत में मध्य वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल में प्रकाशित द राइज आफ मिडिल क्लास इंडिया नामक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मध्य वर्ग के लोगों की संख्या वित्त वर्ष 2020-21 में लगभग 43 करोड़ थी और 2047 तक इसके बढ़कर 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को पांच से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। रिसर्च फर्म कांतार की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2030 तक सालाना 10 हजार डालर से अधिक आय वाले भारतीयों की संख्या तीन गुनी हो जाएगी। यह संख्या 2024 में लगभग छह करोड़ थी, जो 2030 तक 16.5 करोड़ हो जाएगी। निश्चित रूप से टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच यह मध्य वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्य वर्ग की बढ़ती क्रय शक्ति के कारण जहां दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भी भारत के बाजार में दस्तक दे रही हैं। वास्तव में तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत अपनी घरेलू मांग की मजबूती से ही दुनिया में सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पिछले 10 वर्षों में खपत बढ़ने की दर सबसे अधिक भारत में ही रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही। भारत की यह विकास दर चीन, अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील जैसे तमाम विकसित एवं विकासशील देशों की तुलना में अधिक है। हाल में वर्ल्ड बैंक ने अपनी ग्लोबल इकोनमिक प्रास्पेक्ट्स रिपोर्ट में भी भारत की आर्थिकी को निवेश और खपत की दृष्टि से विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी आर्थिकी बताया है। घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट भी करदाताओं, निवेशकों तथा मध्य वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें आयकर में कटौती और कर ढांचे को आसान बनाकर खर्च और बचत को बढ़ाने की कोशिश की गई है। मध्य वर्ग पर कर का बोझ कम करने से घरेलू खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तंभ के रूप में नहीं बचा है और सबसे तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें भी इसी रास्ते पर चलना होगा। वैश्विक व्यापार में आ रहे नए परिवर्तन के मद्देनजर भारत को मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाना होगा। इसीलिए भारत द्विपक्षीय व्यापार वाताओं और मुक्त व्यापार समझौतों की राह पर तेजी से बढ़ भी रहा है। हाल में भारत और यूरोपीय आयोग के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता हुई है। इस वर्ष के अंत तक इस पर मुहर लगने की उम्मीद है। चूंकि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और 2047 तक विकसित भारत के लिए 7.8 प्रतिशत विकास दर पाने का लक्ष्य है। ऐसे में भारत को अमेरिका के लिए उपयुक्त टैक्स रियायतों, भारतीय बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने, द्विपक्षीय व्यापार वाताओं और मुक्त व्यापार समझौतों के रास्ते पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ना होगा। भारतीय नीति निमार्ताओं को ट्रंप प्रशासन की नीतियों से भारत पर होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावों का सतत मूल्यांकन करते हुए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा।

# अमेरिकी विदेश नीति के उलट डोनाल्ड ट्रंप

**संजीव ठाकुर**



अमेरिकी न्यूज एजेंसी सीएनएन के अनुसार बड़ी-बड़ी वाताओं के लिए जाने जाने वाले वाशिंगटन के ओवल हाउस से 10 मिनट की यूक्रेनी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जे डी वेंस की वार्ता के पश्चात यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेनस्की को अपमानित कर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था और तो और उन्हें भोजन तक नहीं कराया गयो यूक्रेन के राष्ट्रपति ने इस बेईज्जती के बावजूद अमेरिकी प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। आश्चर्यजनक रूप से अमेरिका के दोबारा बने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की विदेश नीति के उलट एकदम आक्रामक विदेश नीति पर उतर आए हैं नई वेबसाइट टैरिफ ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया है। कनाडा को वह अपना राज्य मानकर अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं।

उनकी इस विदेश नीति में नाटो तथा अमेरिका की दूरी काफी बढ़ा दी है इसे जरूर यूरोप पर रूस का सामरिक संकट उभर आया है जिस तरह से ट्रंप ने जेलेंस्की को 10 मिनट में यूक्रेन रूस युद्ध में यूक्रेनी सैनिकों तथा देशवासियों को खतरे में डालने तथा विश्व युद्ध की आशंका को बढ़ाने का आरोप लगाकर फटकार लगाई और तुरंत शांति स्थापना के लिए रुस से समझौता करने की बात कही है पर यूक्रेन के बहादुर राष्ट्रपति ने रूस से बिना सुरक्षा की गारंटी के किसी भी वार्ता से इनकार कर दिया इसके अलावा उन्होंने यूक्रेन तथा अमेरिका के खनिज समझौते से भी हस्ताक्षर करने से इनकार किया है। यह तो तय है कि ऐतिहासिक रूप से किसी भी इतने छोटे से देश ने अमेरिका जैसे बाहुबली देश को अमेरिका में ही उसकी औकात दिखा दी और स्पष्ट शब्दों में समझा दिया गया है कि अमेरिका अब उतना शक्तिशाली नहीं रह गया है जितना वह अपने आप को समझता है। यह एकदम सही बात भी है ओवल हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच झड़प के बाद यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति को देश के लिए समर्पण की भावना को देखते हुए पुरजोर समर्थन दिया है। यही नहीं व्लादिमीर जेलेन्सकी की तुरंत बाद ब्रिटेन यात्रा में वहां के प्रधानमंत्री ने पुरजोर स्वागत कर 2.56 बिलियन पोंड्स का समझौता कर मदद देने की पेशकश भी कर दी हैउल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में यूरोपीय यूनियन के 27 देशों की बैठक आयोजित की गई है और जिसमें मुख्य मुद्दा यूक्रेन को रूस के विरुद्ध पूर्ण समर्थन तथा मदद करने का रहेगा। निश्चित तौर पर यह आश्चर्यजनक बात है की एक छोटे से देश यूक्रेन ने रूस की नाक में पिछले 2 साल से दम करके रखा है और अब उसने डोनाल्ड ट्रंप के शांति समझौता को भी ठुकरा दिया है यह संपूर्ण घटनाक्रम अमेरिका के लिए अत्यंत शर्मनाक है क्योंकि ऐसी घटना अमेरिकी इतिहास में कभी घटित नहीं हुई है। यह तो तय है कि अमेरिका यूक्रेन के बदले रूस के पक्ष लेने के पीछे एक गहरी राजनीति छिपी हुई है जिसमें डोनाल्ड ट्रंप पुतिन को नजदीक लाकर प्रशांत महासागर में चीन के दबदबे को खत्म करना चाहते हैं यह घोषित रूप से स्वीकार्य तथ्य है कि अमेरिका के बाद सबसे बड़ा बाहुबली देश अब चीन ही रह गया है क्योंकि रूस यूक्रेन युद्ध के बाद पुतिन की जिद के चलते रूस आर्थिक तथा सामरिक रूप से काफी कमजोर हुआ है और निश्चित तौर पर चीन के मुकाबले में आज की स्थिति में रुस काफी पीछे चला गया है ऐसे में अमेरिका को यूक्रेन का साथ देकर आर्थिक रूप से नुकसान भी हो रहा है और प्रतिफल में उसे उतना लाभ दिखाई नहीं दे रहा है। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विदेश नीति में स्पष्ट कर दिया है कि वह जर्मनी,फ्रांस तथा अन्य देशों में तैनात अपने सुरक्षा गाड्र्स को वापस बुला लेगा एवं अब नाटो तथा यूरोपीय देशों की सुरक्षा का जिम्मा अमेरिका नहीं लेने वाला है।नाटो तथा यूरोपीय देश के साथ-साथ यूक्रेन को भी अपनी वाशिंगटन में बेइज्जती के बाद यह स्थिति समझ में आ गई है की अब खुद की सुरक्षा उन्हें स्वयं करनी होगी अमेरिका अब पूर्ण रूप से व्यावसायिक रूप से अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने वाला है और व्यापार में भी भारी टेरीफ सभी देशों में लागू करने वाला है । डोनाल्ड ट्रंप की नई आक्रामक विदेश नीति से यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह वैश्विक शांति चाहता है कि अपना व्यावसायिक हित और इस बात को लेकर भारत तथा अन्य एशियाई देशों को भी अमेरिका के साथ संबंध बनाते समय विशेष सावधानी रखनी होगी। भारत को विशेष तौर पर इस बात के लिए सतर्कता के साथ कदम रखना होगा क्योंकि हाल ही में नरेंद्र मोदी का स्वागत व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप ने किया था एवं अनेक सामरिक तथा आर्थिक समझौता पर आम सहमति बनी थी। डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद चौंकाने वाले निर्णय ले रहे हैं उसके अनुसार डोनाल्ड ट्रंप पर किसी भी तरह से ज्यादा भरोसा किया जाना ठीक नहीं होगा।

# एक राष्ट्र, एक शिक्षा, एक पाठ्यक्रम और एक परीक्षा की एक समान प्रणाली

**विजय गर्ग**

पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी को उसके 'कर्मफल' के लिए उत्तरदायी ठहरा देने की आतुरता ही बच्चों को सफल और विफल में श्रेणीबद्ध करती है। जबकि शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए उत्तरदायी ठहरा कर अनुत्तीर्ण करना वास्तव में शिक्षार्थी की विफलता न होकर, शिक्षण पद्धति, पाठ्यक्रम तथा समग्र शैक्षिक प्रणाली की संभावित समस्याओं को उजागर करने की तरफ संकेत है। लगातार संशोधनों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 को शक्तिहीन किया गया है। पहले, स्थानीय सरकारों को 'कक्षा-स्तरीय शिक्षा सुनिश्चित करने का अधिकार दिया, जिससे उन्नीस राज्य सरकारों ने किसी छात्र को अनुत्तीर्ण न करने की नीति को नकार दिया। अब केंद्र सरकार के अधीनस्थ स्कूलों में भी इस नीति को समाप्त कर दिया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि यह नीति जल्द ही देशभर में पूरी तरह से समाप्त हो हो जाएगी।ण लगभग छह दशक पहले अमेरिकी लेखक और शिक्षक जान होल्ट की कृति 'बच्चे असफल कैसे होते हैं' के प्रकाशन ने शिक्षा पर एक नए विमर्श को जन्म दिया था, जिसमें माना गया कि कोई भी विद्यार्थी स्वभावतः सीखने से विमुख नहीं होता। वे केवल उस पारंपरिक तरीके से 'शिक्षित' नहीं होना चाहते, जो उन्हें बोझिल लगता है। हावर्ड गार्डनर बहु-बुद्धिमत्ता सिद्धांत के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति में विविध प्रकार की बुद्धिमत्ता होती है, जैसे भाषाई, तार्किक गणितीय और प्राकृति आदि यह सिद्धांत शिक्षा में विविध पद्धतियों और गतिविधियों के उपयोग की वकालत करता है, ताकि हर छात्र की क्षमता का विकास हो सके। शैक्षिक दृष्टिकोण । भी अब केवल बुद्धि की संकीर्ण परिभाषा पर केंद्रित न होकर, बहु-बुद्धि सिद्धांत की व्यापक समझ की ओर अग्रसर हुआ है। कोई भी बच्चा स्वाभाविक रूप से 'कमजोर', 'मंदबुद्धि' या 'नाकाम' नहीं होता, बल्कि इसके पीछे सीखने के लिए उचित वातावरण का अभाव होता है, जो उसे अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुंचने 1 से रोकता है। इसलिए, यह शिक्षा प्रणाली की विफलता है, न कि उस बच्चे की ।₹ परीक्षाओं का मूले उद्देश्य छात्रों को शिक्षा । व्यवस्था से बाहर करना नहीं होना चाहिए। प्रायः जब हम परीक्षाओं का नियोजन करते हैं, तो योग्यता योग्यता की एक पूर्व निर्धारित अवधारणा को केंद्र में रखते हैं। यह स्थापित दृष्टिकोण छात्रों का पूर्व निर्धारित मानदंडों के आधार पर में वगीर्कृत करने का प्रयास करता है। नतीजतन, जब किसी नपा के आधार पर मूल्यांकन करने और विभिन्न श्रेणियों छात्र को औसत से कम आंका या विफल घोषित कर दिया जाता तो उसे उसी कक्षा में रहना पड़ता है। इस स्थिति में, शिक्षकों, माता-पिता और सहपाठियों का दृष्टिकोण भी बदल जाता है, वे उसे नाकाबिल या विफल होने को अभिशप्त के रूप में देखने लगते हैं। अनेक अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कक्षा दोहराने से बच्चे के सीखने के परिणाम या सीखने की क्षमताओं में कोई खास सुधार नहीं होता। अंततः एक और वर्ष के लिए उसी पुराने पाठ्यक्रम को दोहराना विद्यार्थी की मूल आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है।

प्रायः 'योग्यता' की परिभाषा तय करने का अधिकार सत्ताधारी लोगों के हाथों में होता है। यदि बंदरों को योग्यता के मानक तय करने का अधिकार होता, तो निश्चित तौर पर 'योग्यता' को पेड़ चढ़ने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया जाता और फिर सभी मछलियां अनिवार्य रूप से कमतर साबित होतीं। इसी प्रकार, एक शिक्षार्थी की सीखने की क्षमता केवल उसकी जन्मजात प्रतिभा पर निर्भर न होकर सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से भी प्रभावित होती है।

# महाराष्ट्र में फिर सियासी घमासान, विधान परिषद की खाली सीटों के लिए चुनाव का ऐलान

- महाराष्ट्र विधान परिषद की 5 खाली सीटों के लिए चुनाव की घोषणा
- महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच होगा सीधा मुकाबला
- 10 मार्च से नामांकन, मतदान 27 मार्च, इसी दिन आएंगे रिजल्ट



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई: महाराष्ट्र विधान परिषद की 5 खाली सीटों के लिए चुनाव की घोषणा कर दी गई है। इस सीट में विधान परिषद के पांच सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाग लिया था। ये विधायक चुनाव जीत गए हैं। इसलिए वह अब विधान सभा के सदस्य हैं। अब जब वे विधान सभा के सदस्य बन गए हैं तो विधान परिषद में 5 सीटें खाली हो गई हैं। अब इन सभी पांच सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो चुकी है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इन पांचों पदों पर किसे नियुक्त किया जाएगा? यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक पार्टी से किसे नामांकन मिलता है। इस चुनाव में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच सीधा मुकाबला होगा। वैसे क्या बीजेपी ने मनसे को विधान परिषद की एक सीट के लिए मौका दिया है? यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा। क्योंकि मुंबई महानगरपालिका चुनाव की पृष्ठभूमि में पिछले कई दिनों से राजनीतिक गलियारों में चर्चा चल रही है कि बीजेपी मनसे को साथ लेते हुए उसे विधान परिषद की एक सीट दे सकती है। अब क्या यह चर्चा वास्तव में सही है?

# औरंगजेब निर्दयी नहीं था...समाजवादी पार्टी नेता अबू आजमी के बयान पर भड़के एकनाथ शिंदे, गिना दी क्रूरता

## शिंदे ने आजमी पर देशद्रोह का केस करने की मांग की

**महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान से राजनीति गरमा गई है। अबू आजमी द्वारा औरंगजेब की तारीफ करने पर बीजेपी और शिवसेना ने देशद्रोह का केस दर्ज करने की मांग की है। डिप्टी सीएम ने अबू आजमी की तारीफ के बदले उसकी क्रूरता को गिनवाया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई: महाराष्ट्र में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुंबई अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी द्वारा औरंगजेब की तारीफ करने पर शिवसेना प्रमुख और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने पलटवार किया है। शिंदे ने कहा है कि औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज को 40 दिनों तक प्रताड़ित किया और ऐसे व्यक्ति को अच्छा कहना महापाप है इसलिए अबू आजमी को माफी मांगनी चाहिए। उन पर देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। अबू आजमी ने कहा था कि औरंगजेब एक निर्दयी शासक नहीं था।

### बनारस की घटना का किया जिक्र

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पार्टी के महाराष्ट्र में प्रमुख चेहरे अबू आजमी ने औरंगजेब की तारीफ करते हुए उसे महान समाजसेवी बताया था। आजमी ने कहा था कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए। वह क्रूर शासक नहीं था। आजमी ने सोमवार को कहा कि गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने यहां तक दावा किया कि बनारस में जब एक पंडित की बच्ची के साथ उसके सिपहसालार ने बदतमीजी की करने की कोशिश की तो औरंगजेब ने उस सिपहसालार को दो हाथियों के बीच बंधवाकर मरवा डाला। था। बाद में उन पंडितों ने औरंगजेब के लिए मस्जिद बनाकर भेंट किया। वो अच्छे प्रशासक थे, जो उन्होंने किया वो सही किया, अगर कोई और राजा होता वो वो भी वही करता। आजमी मुंबई की मानखुर्द शिवाजीनगर सीट से विधायक चुने गए हैं।

### शिंदे ने कड़ी प्रतिक्रिया आई सामने

सपा नेता अबू आजमी के बयान पर बीजेपी के साथ शिवसेना भड़क गई है। शिवसेना चीफ एकनाथ शिंदे ने कहा देशद्रोह का केस दर्ज करने की मांग की है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा सपा नेता अबू आजमी ने जो भी बोला है, वो गलत है। उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। बीजेपी ने कहा है कि अबू आजमी ऐसे बयानों की वजह से चर्चा में बने रहते हैं।

फास्ट ट्रैक

# जाट समाज का स्वर्ण जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, जाट समाज मुंबई का स्वर्ण जयंती समारोह सितारों की शामजाट समाज मुंबई के 50 वर्ष पूरे होने पर समाज के अध्यक्ष धर्मपाल कलवानिया की अध्यक्षता में नवी मुंबई वाशी के एग्जिबिशन सेंटर में उमड़े विशाल जनसमूह के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रोग्राम को जॉली एंड कंपनी मशहूर गायक एवं कलाकारों के साथ संगीतमय कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कार्यक्रम ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल, भिवानी सांसद धर्मवीर सिंह, विधायक मंदा ताई म्हात्रे, विधायक प्रशांत ठाकुर पूर्व विधायक दिग्विजय चौटाला, राजस्थान काटोल विधायक चरण सिंह ठाकुर, तेजा बोर्ड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोरा, आयकर आयुक्त प्रीति हुड्डा, फिल्मी हीरोइन कीर्ति कुलहरी, जाट समाज अध्यक्ष (नासिक, पुणे, वडोदरा, अहमदाबाद) के अलावा महाराष्ट्र भाजपा के उपाध्यक्ष अनिल कौशिक इत्यादि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया। आजीवन अध्यक्ष रहे दारा सिंह के पश्चात जाट समाज मुंबई की अध्यक्षता संभाल रहे धर्मपाल कलवानिया ने कहा कि जाट समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। जाट समाज मुंबई ने हर चुनौतियों का सामना डटकर किया है। समाज में नई मुंबई सीवुड में एक भवन का निर्माण कराया जिसमें कई कमरे एवं शादी विवाह के लिए हाल का निर्माण किया गया है जिसमें विद्यार्थियों एवं कैंसर ग्रस्त रोगियों के लिए आवास की सुविधा एवं गरीब लोगों को मुफ्त में शादी विवाह करने की सुविधा प्रदान की जाती है। इस 50 वर्ष के समारोह को सफल बनाने के लिए, समाज कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सदस्यों के अलावा कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष शमशेर सिंह पवार द्वारा गठित एक टीम ने विशेष परिश्रम किया।

# महाराष्ट्र विधानसभा में नेता विपक्ष के लिए उद्धव ठाकरे की शिवसेना में तीन नामों पर चर्चा

- महाराष्ट्र में नेता विपक्ष के पद उद्धव ठाकरे का दावा
- उद्धव ठाकरे की पार्टी के तीन नेताओं के नाम चर्चा में
- उद्धव की शिवसेना यूबीटी के पास 20 विधायक हैं




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई: महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) नेताओं की बैठक हुई। एमवीए में सबसे बड़ी उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी ने नेता विपक्ष की कुर्सी पर दावा ठोंका है। शिवसेना यूबीटी की तरफ से 25 नवंबर 2024 को विधानसभा सचिवालय को एक पत्र लिखकर विरोधी पक्ष नेता के संबंध में नियमन की मांग की थी। राज्य में महागठबंधन की सरकार बने लगभग तीन महीने हो गए हैं। शिवसेना यूबीटी ने मांग की है कि विधानसभा मे नेता विपक्ष होना चाहिए। विधान सभा में विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए किसी पार्टी को कुल सीटों में से 10 प्रतिशत सीटें जीतनी जरूरी हैं।

तीन नेताओं के नाम आए सामने

शिवसेना यूबीटी ने इसके बाद भी नेता विपक्ष पद के लिए चर्चा शुरू की है। नेता विपक्ष के लिए शिवसेना यूबीटी के विधायक और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे, पार्टी के विधायक सुनील प्रभु और भास्कर जाधव का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से दलील दी जा रही है कि विपक्ष के पास मिलाकर 50 विधायक हैं। ऐसे में यह पद सबसे बड़े घटक शिवसेना यूबीटी को मिलना चाहिए। राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष होगा या फिर नहीं इसका फैसला स्पीकर राहुल नार्वेकर को करना है। राहुल नार्वेकर बीजेपी से पहले शिवसेना में रह चुके हैं। वह दूसरी बार महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर बने हैं। सुनील प्रभु ने मुंबई की दिंडोशी सीट पर संजय निरुपम को हराया था, जब भास्कर जाधव एनसीपी में थे। वे इस बार गुहागर से चुने गए हैं।

### उद्धव ठाकरे ने की थी बैठक

नेता विपक्ष के लिए उद्धव ठाकरे ने मातोश्री में एक बैठक की थी। पांच घंटे चली बैठक में शिंदे की तरफ पार्टी तोड़ने की हो रही कोशिशों के साथ नेता विपक्ष पर चर्चा हुई थी। इसमें आदित्य ठाकरे, सुनील प्रभु और भास्कर जाधव के नाम सामने आए थे। शिवसेना यूबीटी के कुल विधायको की संख्या 20 है। उद्धव ठाकरे ने साफ किया था कि जिस भी नेता को यह पद मिलेगा। वह पूरे एमवीए का आवाज होगा।

# सीएम बनना है तो शिवसेना को बीजेपी में विलय करो, सामना में संजय राउत ने लिखी शाह-शिंदे की बातचीत की स्क्रिप्ट

- की राजनीति में संजय राउत ने फोड़ा बड़ा बम
- शिंदे और शाह की मुलाकात का सामना में लिख ब्योरा
- राउत का दावा सूत्रों के अनुसार विलय की बात हुई थी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत के बाद आज से बजट सत्र की शुरूआत हुई है लेकिन शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत के दावे ने राजनीति को गरमा दिया है। संजय राउत ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना को लेकर दावा किया है कि शिंदे की शिवसेना बीजेपी में मिल जाएगी। राउत ने शिंदे की पुणे में अमित शाह से हुई मुलाकात में क्या बातचीत हुई। इसका ब्योरा सामना में लिखा है। राउत का दावा है कि शिंदे खुश नहीं हैं वे फडणवीस की शिकायत अमित शाह से कर रहे हैं।

### राउत के दावे से खलबली

राज्य सभा सदस्य संजय राउत सामना के कार्यकारी संपादक हैं। उन्होंने अपने नाम से प्रकाशित लेख में कहा है कि एकनाथ शिंदे ने शनिवार 22 फरवरी की सुबह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात पुणे के कोरेगांव पार्क स्थित ह्यवेस्टइनह्न होटल में हुई। राउत ने लिखा है कि 57 विधायकों का नेता अमित शाह से मिलने के लिए सुबह चार बजे तक जागता रहा। ह्यसरकार में मेरी कोई इज्जत नहीं है, कल तक मैं मुख्यमंत्री था। आज मेरे सारे पैष्ठसले पलट दिए जा रहे हैंह्न, यह बताने के लिए शिंदे ने सुबह चार बजे अमित शाह से मुलाकात की। राउत ने दावा किया है कि अमित शाह से मुलाकात के बाद जब शिंदे बाहर निकले तो उनका चेहरा उतरा हुआ था। गृहमंत्री अमित शाह और शिंदे के बीच चर्चा हुई और उसमें शिंदे का फडणवीस को लेकर शिकायत का स्वर था। राउत ने सामना में लिखा है कि उस चर्चा का जो ब्योरा संवाद के तौर पर साझा किया है।

अमित शाह: क्या शिंदे जी, सुबह के चार बज रहे हैं, इतना क्या अर्जेंट है?

शिंदे: आपको सब मालूम है, यहां क्या हो रहा है।

शाह: क्या हो रहा है?

शिंदे: मुझे और मेरे लोगों की घेराबंदी करने की कोशिशें खुलेआम चल रही हैं।

शाह: ऐसा कैसे हो सकता है? मैं देवेंद्र से बात करता हूं।

शिंदे: मुझे दबाने की, खतम करने की पूरी कोशिश हो रही है। आपके भरोसे हम आपके साथ आए। आपका वादा था, चुनाव के बाद भी मैं ही मुख्यमंत्री रहूंगा।

शाह: हमारे 125 लोग चुनकर आएङ्ग तो आप वैसा क्लेम कर सकते हो?

शिंदे: मेरे नेतृत्व में चुनाव हुआ।

# ईडी ने 4,500 करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में छापेमारी की

**जमा की गई राशि पर उच्च दर से रिटर्न सहित अन्य लाभ का वादा किया गया। इस प्रकार भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौजूदा मानदंडों की अनदेखी की गई।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने मुंबई की एक कंपनी और उसके प्रवर्तकों द्वारा करीब 50 लाख जमाकताओं के साथ 4,500 करोड़ रुपये की कथित निवेश धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की है।संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड (पीसीएल), इसके पूर्व निदेशकों और अन्य के खिलाफ 28 फरवरी को छापे मारे गए। यह सेबी अधिनियम का उल्लंघन कर सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) के माध्यम से कथित धोखाधड़ी का मामला है, जिसमें 50 लाख से अधिक निवेशकों को कथित तौर पर 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का शिकार होना पड़ा।मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र जमाकताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम, 1999 के तहत मामला दर्ज किया था और ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए इसका संज्ञान लिया था।ईडी ने कहा कि पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड और उसके निदेशकों ने तीन से नौ साल की अवधि के लिए विभिन्न निवेश योजनाएं शुरू कीं, जिनमें होटल में छूट, दुर्घटना बीमा और जनता द्वारा जमा की गई राशि पर उच्च दर से रिटर्न सहित अन्य लाभ का वादा किया गया।

# पश्चिम रेलवे मुख्यालय, चर्चगेट में एसआरयूसीसी की बैठक आयोजित




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे की उपनगरीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (SRUCC) की बैठक हाल ही में मुख्यालय भवन, चर्चगेट, मुंबई में आयोजित की गई, जिसमें उपनगरीय रेलवे समय-सारिणी के साथ-साथ यात्री सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक एवं एसआरयूसीसी के अध्यक्ष श्री प्रकाश बुटानी ने बैठक की कार्यवाही की अध्यक्षता की। इस बैठक में एसआरयूसीसी के प्रमुख सदस्यों, पश्चिम रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रमुख, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थेबैठक में जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई उनमें अतिरिक्त लोकल ट्रेन सेवाएँ, फुट ओवर ब्रिज (FOB) के निर्माण में तेजी लाना और विभिन्न उपनगरीय स्टेशनों पर एस्केलेटर लगाना शामिल था। इस बैठक में सार्थक और रचनात्मक चर्चा हुई, जिसमें यात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा करने में प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई।पश्चिम रेलवे कुशल और सुविधाजनक उपनगरीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और एसआरयूसीसी सदस्यों के बहुमूल्य सुझाव इन सेवाओं को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आशिहारा कराटे के सालाना प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों को मिला ब्लैक बेल्ट खिताब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,आशिहारा कराटे इंटरनेशनल के सालाना प्रतियोगिता का आयोजन लायंस क्लब ऑफ मुलुंड मैदान मुलुंड पर प्रशिक्षक दयाशंकर पाल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल में कीर्ति ठाकुर, दिशा चिपटे,विहान खरे, मानसी दांडेकर, चैतन्य चिपटे, तन्मय ऐरम, भावेश तरे, श्रीनिध धनावडे, विनीत झिंगाडे, स्वामी शिरोडकर,रजनीश कनोजिया का ब्लैक बेल्ट हेतु चयन किया गया इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी डॉ बाबूलाल सिंह, डॉ सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन), चंद्रवीर यादव (शिक्षा विद), संजय मिश्रा द्वारा चयनित विद्यार्थियों को ब्लैक बेल्ट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्राध्यापक सोनम केवट ने विभिन्न योग मुद्राओं एवं लाठी चला कर स्वतः की रक्षा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद जाधव, नयना पाटील, विश्वास पाल, अभिषेक गुप्ता, आशीष पाल, अजीत यादव, दक्ष पाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ

# संजय राउत के भाई को राहुल नार्वेकर जैसा सम्मान, फडणवीस से मिले आदित्य ठाकरे के मामा

**महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सत्र के दौरान बीजेपी नेताओं, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी नेताओं के बीच बढ़ती नजदीकियां हमेशा चर्चा का विषय रहती हैं। इस साल भी पहले ही दिन हुई दो बैठकों ने राजनीतिक हलकों में चर्चा छेड़ दी है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। सत्र के दौरान बीजेपी नेताओं, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी नेताओं के बीच बढ़ती नजदीकियां हमेशा चर्चा का विषय रहती हैं। इस साल भी पहले ही दिन हुई दो बैठकों ने राजनीतिक हलकों में चर्चा छेड़ दी है। दरअसल पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधानसभा अध्यक्षों की सूची की घोषणा की। इस बार शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के विधायक सुनील राउत को अध्यक्ष घोषित किया गया है। सुनील राउत ठाकरे गुट के नेता हैं और सांसद संजय राउत के भाई हैं। राज्य में पार्टी विभाजन के बाद पहली बार ठाकरे गुट को पार्टी अध्यक्ष का पद दिया गया है। इसलिए फडणवीस और ठाकरे के बीच बढ़ती नजदीकियों की चर्चा फिर शुरू हो गई है।सरदेसाई ने फडणवीस से मुलाकात कीदूसरी ओर बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र में उद्धव ठाकरे गुट के विधायक वरुण सरदेसाई भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने गए। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह मुलाकात अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए की है। चाहे सरदेसाई हों या राउत, दोनों ही ठाकरे परिवार के करीबी हैं। सरदेसाई ठाकरे के रिश्तेदार हैं, जबकि राउत उनके करीबी सहयोगी हैं। इसी तरह पिछली बार की तरह बीजेपी नेता चंद्रकांत पाटिल ने विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और आदित्य ठाकरे को चॉकलेट देकर शुभकामनाएं दीं। इसलिए चर्चा है कि ये तीनों कदम बीजेपी और उद्धव ठाकरे गुट के बीच की खाई को पाटने का काम कर रहे हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान बैठकइससे पहले उद्धव ठाकरे ने दिसंबर 2024 में नागपुर में आयोजित विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में भाग लिया था। उन्होंने उस समय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से भी मुलाकात की थी। इस बैठक के दौरान यह चर्चा हुई कि विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद ठाकरे गुट को दिया जाना चाहिए। तब से यह मुद्दा अनसुलझा ही रहा है।विपक्षी नेता का पद ठाकरे गुट के लिए ?इस साल के सत्र में भी ठाकरे गुट को विपक्ष के नेता का पद मिलने की चर्चा है। संख्या बल की कमी के कारण यह चुनाव विशेष शक्तियों का प्रयोग करके कराए जाने की संभावना है।

फैसला | पुणे रेप कांड की इनाम राशि को लेकर बड़ा फैसला

# पुलिस से नहीं लेंगे इनाम के एक लाख, पुणे रेप केस के आरोपी को पकड़वाने वाले ग्रामीणों का फैसला

- गांव के लोग पुलिस से स्वीकार नहीं करेंगे इनाम राशि
- गुनाट गांव के सरपंच ने बयान जारी करके किया ऐलान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई / पुणे: पुणे रेप केस के आरोपी दत्तात्रेय रामदास गडे को उसके गांव गुनाट से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। गाडे की गिरफ्तारी के बाद गुनाट गांव के सरपंच ने इनामी राशि लेने से इनकार कर दिया है। सरपंच का कहना है कि इस घटना से गांव की बदनामी हुई है। हालांकि गांव के कई लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने आरोपी गडे को पकड़वाने में मदद की थी। रकम पर दावे को लेकर गांव में विवाद पैदा हो गया है।क्यों ठुकराई इनाम की रकम दत्तात्रेय रामदास गाडे पर पुणे के स्वारगेट बस डिपो में एक महिला के साथ रेप का आरोप है। पुलिस ने उसे उसके गांव गुनाट से गिरफ्तार किया, जो पुणे शहर से लगभग 75 किमी और शिरूर से 20 किमी दूर है। गिरफ्तारी के बाद गुनाट के सरपंच रामदास काकडे ने घोषणा की कि गांव वाले पुलिस की ओर से घोषित एक लाख रुपये का इनाम स्वीकार नहीं करेंगे। काकडे ने बताया कि इनाम के पैसे को लेकर कई ग्रामीणों में झगड़ा हो रहा है। कई लोगों ने दावा किया कि उन्होंने गाडे को पकड़ा या पुलिस को उसके बारे में जानकारी दी। इसके बाद पंचायत बुलाई गई, जिसमें तय किया गया कि वह इनाम का एक भी रुपया भी नहीं लेंगे। सरपंच ने इस बारे में पुलिस की मदद करने वाले लोगों से बात की और उन्हें पैसे नहीं लेने के लिए राजी किया। काकड़े ने कहा कि इस घटना से गांव बदनाम हुआ है। यह कोई गर्व की बात नहीं है।

### कितनी है गांव की आबादी

गुनाट लगभग 3,500 की आबादी वाला एक छोटा सा गांव है, जहां ज्यादातर मराठा समुदाय के लोग रहते हैं। काकडे ने बताया कि जब पुणे रेप केस में गुनाट के नाम की चर्चा होने लगी तो ग्रामीण चिंतित हो गए। इसके बाद गांववालों ने पुलिस के तलाशी अभियान में मदद करने का फैसला किया। आरोपी पानी पीने के लिए दो घरों में गया और दोनों ने पुलिस को उसके बारे में सूचित किया। इससे उसकी लोकेशन का पता चल गया और एक ड्रोन से पुलिस ने उसपर नजर रखी। पुणे पुलिस ने बताया है कि आरोपी एक हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ पहले भी छह आपराधिक मामलों में केस दर्ज हैं।

### गाडे ने रेप नहीं किया...

बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत में दावा किया है कि गाडे ने पीड़िता के साथ बलात्कार नहीं किया, बल्कि दोनों के बीच सहमति से शारीरिक संबंध बने थे। इस बीच, आरोपी के चचेरे भाई शुभम गडे ने दावा किया कि गडे निर्दोष है और अन्याय का शिकार है। शुभम का दावा है कि रामदास गडे पुलिस की डर से कुछ दिनों के लिए भाग गया था।

### मुश्किल में परिवार के सदस्य

ग्रामीणों का कहना है कि वारदात के खुलासे के बाद मीडिया ने गांव में आरोपी के घर की कई बार तस्वीरें ली, इस कारण उसके परिवार के सदस्य मुसीबत में फंस गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वह (गाडे) दोषी पाया जाता है, तो उसे फांसी दे दो। मुझे उसके लिए कोई सहानुभूति नहीं है। लेकिन मीडिया पिछले तीन दिनों से यहां आ रही है, उसके घर की तस्वीरें खिंच रही है। घर दिखाने का क्या मतलब है? उसकी पत्नी, मां, बेटा और दादी यहां रहती हैं। मीडिया उनसे टिप्पणी के लिए परेशान कर रही है, लेकिन कोई उनका दर्द नहीं देख रहा है।

# खड़ी कार में अचानक लगी आग

बागपत, खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के सांकरौद गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। गांव निवासी सुभाष की कार उनके मकान के बाहर खड़ी थी। अचानक कार से तेज धुआं निकलना शुरू हुआ। कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हुए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/13/2025 दिनांक 28.02.2025

| अ. क्र. | आइटम्स का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 106 | पूर्णतः असेम्बल्ड फिएट बोगी की आपूर्ति | 20 नग | 26-मार्च-25 |
| 107 | फ्लेक्सिबल पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ्लोरिंग शीटिंग रोल्स | 1051 नग | 27-मार्च-25 |
| 108 | एलएचबी कोचेस के डिस्क ब्रेक सिस्टम के उपयोग हेतु डम्प वॉल्व जीवी12-ईएसआरए. मेसर्स नॉर ब्रेम्से मेक के पार्ट नं. II64108/0090024 के पुष्टिकरण में आइटम. | 248 नग | 27-मार्च-25 |
| 109 | पंच्ड ग्रिड परमानेंट फील्ड डायवर्टर रेसिस्टेंस (आरपीएस) | 20 नग | 27-मार्च-25 |
| 110 | बीएल स्विच कम्प्लीट | 160 नग | 27-मार्च-25 |
| 111 | संशोधित डब्ल्यूएसपी के रेट्रो फिटमेंट की आपूर्ति, अधिष्ठापन और क्रियान्वयन. | 52 सेट | 28-मार्च-25 |
| 112 | ट्रैक्शन मोटर वूंड स्टेटर असेम्बली एंड रोटर असेम्बली | 4 नग | 31-मार्च-25 |
| 113 | कैटरपिलर के अनुसार इंजन एआर-सी18 | 1 नग | 31-मार्च-25 |
| 114 | उच्च क्षमता साइड बफर 15 केजे | 416 नग | 01-अप्रैल -25 |
| 115 | 6400 एमएम ओवर राइडिंग कर्व्ड स्विचेस 8.5 में 1, बीजी, 52 किग्रा रेल | 71 सेट | 02-अप्रैल – 25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in तथा wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें. 1141

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

# मनपा के 2700 करोड़ के ठोस कचरा प्रबंधन टेंडर को रद्द करने की कांग्रेस ने मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मनपा ने कचरा संग्रहण और परिवहन करने का दस वर्षों के लिए 2700 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। इस संबंध में ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने मनपा आयुक्त सौरभ राव से मुलाकात की और ठोस अपशिष्ट निपटान प्रबंधन के लिए रिक्त पदों के लिए तकनीकी ज्ञान वाले अधिकारियों को नियुक्त करने की मांग उठाया। उन्होंने सवाल उठाया कि 2700 करोड़ की राशि किस आधार पर निकाली गई? साथ ही, इस निविदा पर सलाहकार के रूप में नियुक्त व्यक्ति सुमित



फैसिलिटीज और जेवी एनवायरमेंट दोनों के साथ वित्तीय हित हैं। सलाहकार ने निविदा के नियम और शर्तें तय की हैं जिसके अनुसार इन दोनों कंपनियों को संयुक्त उद्यम में बैठना चाहिए। कचरे के निपटान के साथ-साथ उससे खाद बनाने वाली कंपनी ठाणे क्लीन एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ठाणे मनपा अब तक 25 करोड़ का बकाया नहीं चुका सका है, जिसकी कई खामियां मनपा आयुक्त सौरभ राव को बताई गई हैं. इसीलिए ठाणे कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल पिंगले ने मनपा संकट में होने के कारण इस टेंडर को रद्द कर वार्षिक आधार पर टेंडर कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के माध्यम से मनपा के समक्ष जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी है।

# रेलवे लाइन विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास 32 घरों पर तोड़क कार्यवाही की गई

## विस्तारीकरण से प्रभावित लोगों को मिलेगा पनवेल में आवास।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. भारतीय रेलवे द्वारा रेल मार्गों के विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत सोमवार को रेलवे द्वारा सेंट्रल रेलवे के अंतर्गत पुणे-लोनावाला रेलमार्ग के मध्य स्थित विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के समीप बसे हुए 32 घरों पर तोड़क कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी रही, छिटपुट आक्रोश को छोड़कर कानून व्यवस्था पूर्ण नियंत्रण में रही। रेलवे प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को मुआवजा स्वरूप पुनर्वास के लिए पनवेल में आवास उपलब्ध कराया है। इससे प्रभावितों में कुछ संतुष्ट तो कुछ असंतुष्ट दिखाई दिए। इस कार्यवाही के अवसर पर कल्याण आरपीएफ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राकेश कुमार और उनकी टीम,उल्हासनगर के एसीपी अमोल कोली, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताड़े सहित 113 पुलिस कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह विस्तारीकरण रेलवे की विकास परियोजना के अंतर्गत आता है।यह विस्तारीकरण यात्रियों की सुविधाओं में सुधार लाने और रेल परिसंचालन को बेहतर बनाने की दिशा में आवश्यक कदम है।

फास्ट ट्रैक

# पुवायां में रिटायर्ड कर्मचारी से 15 हजार की लूट

## बैंक से पैसे निकालने गए थे, आरोपी ने लिफ्ट मांगकर काटी जेब, सीसीटीवी से जांच

शाहजहांपुर, पुवायां में एक बुजुर्ग से जेब कतरे ने चालाकी से 15 हजार रुपए चुरा लिए। पुवायां के बड़ां गांव के रहने वाले तेजराम ( 70 ) रिटायर्ड संग्रह अमीन हैं। वे स्कूटी से भारतीय स्टेट बैंक गए और अपने खाते से 15 हजार रुपए निकाले। बैंक से निकलते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने राजीव चौक तक जाने के लिए लिफ्ट



मांगी। तेजराम ने उसे स्कूटी पर बिठा लिया। व्यक्ति दलजीत पेट्रोल पंप के पास उतर गया। इसके बाद जब तेजराम प्रेम हार्डवेयर की दुकान पर सामान खरीदने पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि उनकी जेब कट चुकी है। पीड़ित तेजराम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी हरपाल सिंह बालियान ने तुरंत पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा। पुलिस आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

# ज्वैलरी शोरूम से चोरी

## दो महिला और एक युवक ने ढाई लाख के गहने चुराए, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

शाहजहांपुर, नगर में एक ज्वैलरी शोरूम से दो महिलाओं और एक पुरुष ने 31 ग्राम सोने के गहने चुरा लिए। मोहल्ला मौजमपुर स्थित मुख्य बाजार में विजय ज्वैलर्स की दुकान से यह चोरी हुई। दुकान के मालिक अमन गुप्ता ने बताया कि आरोपी ग्राहक बनकर आए। उन्होंने सोने की चेन और हार दिखाने को कहा। दुकान में भीड़ का फायदा उठाकर आरोपियों ने 16 ग्राम का सोने का हार और 15



ग्राम की सोने की चेन चुरा ली। आरोपियों ने कहा कि वे कपड़ों की दुकान से अपने मेहमानों को बुलाकर लाएंगे। इसके बाद वे लौटकर नहीं आए। जब व्यापारी ने माल का मिलान किया तो चोरी का पता चला। दुकान के कर्मचारियों को आरोपियों की तलाश में भेजा गया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही हैं। साथ ही आरोपियों की तलाश जारी है। व्यापारी को करीब ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# अज्ञात वाहन ने मारी बाइक सवार को टक्कर

## युवक की मौत, आशा वर्कर घायल, बारात से लौटते समय हादसा

शाहजहांपुर, हरेवा चौराहे के पास रात करीब 10 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक आकाश ( 24 ) की मौके पर ही मौत हो गई। आकाश ग्राम उई ला थाथार का रहने वाला था। बाइक पर सवार आशा वर्कर सविता ( 40 ) गंभीर रूप से घायल हो गईं। सविता को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रईस जूनियर कालेज में आयोजित हुई साइंस क्विज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भिवंडी के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में शनिवार 1 मार्च 2025 को इंटर क्लास साइंस क्विज मुकाबले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी ने उद्घाटन भाषण में शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को अपने अंदर वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ही विद्यार्थियों के करियर को उज्ज्वल बनाती हैं। मुकर्रम खान ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।असरार पठान ने सभी अतिथियों का परिचय सहित स्वागत किया। केएमई सोसायटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन,स्कूल समिति के सदस्य डा अब्दुल हफीज अंसारी,नदीम तासे, इस्माइल बोबडे आदि कार्यक्रम में मौजूद थे। प्रतियोगिता दो भागों में आयोजित की गई थी। पहले भाग में 11वीं साइंस के सभी चार प्रभागों से चार टीमें शामिल थीं।प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली दो टीमों को फाइनल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। फाइनल मुकाबला ग्यारहवीं साइंस ए और बी डिवीजन की टीम के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11वीं साइंस बी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,जबकि 11वीं साइंस ए की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अतिथियों द्वारा दोनों टीमों को पुरस्कृत किया गया।निर्णायक की भूमिका काशिफ मोमिन ने अंजाम दिया। विज्ञान विभागाध्यक्ष साजिद अनवर ने अपने संबोधन में छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। प्रतियोगिता के संयोजक लुकमान अंसारी, विज्ञान विभाग के शिक्षक निजामुद्दीन अंसारी, मुकर्रम खान, मुजदान शम्सी मुल्ला, सुमैया अंसारी व निगार अंसारी के साथ टेक्निकल टीम के सदस्य वजाहत अली मोमिन का कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान रहा।संचालन हिना फरहीन मोमिन,निजामुद्दीन अंसारी और मुजदान शम्सी मुल्ला ने संयुक्त रूप से किया।समारोह में गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों एवं साइंस के विद्यार्थियों की बड़ी संख्या उपस्थित थी। उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी के आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# 16 लाख के गुमशुदा मोबाइल मिले

## साइबर सेल ने 148 फोन मालिकों को लौटाए, एसपी ने साइबर क्राइम से बचने की दी जानकारी



देवरिया, पुलिस की साइबर सेल ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। सेल ने 16 लाख रुपए की कीमत के 148 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसपी विक्रांत वीर की मौजूदगी में ये फोन उनके मालिकों को सौंपे गए। एसपी विक्रांत वीर ने पहले ही सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी का निर्देश दिया था। सेल ने लगातार प्रयास कर इन फोन को ढूंढ निकाला। इस दौरान एसपी ने मौजूद लोगों को साइबर अपराध से बचने के तरीके भी बताए। एसपी ने कहा कि साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने नागरिकों को इन अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी।

# ऑटो में ओवरलोडिंग पर एआरटीओ सख्त




❍ लालगंज में नियमों की अनदेखी कर सवारियां भर रहे चालक, दुर्घटनाओं का खतरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, लालगंज क्षेत्र में ऑटो चालकों की मनमानी से यात्रियों की सुरक्षा गंभीर खतरे में पड़ गई है। ऑटो चालक यात्री क्षमता से अधिक सवारियां बिठाकर नियमों की पूरी तरह से अनदेखी कर रहे हैं, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम काफी बढ़ गया है। स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से इस गंभीर समस्या पर अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है, जिससे इलाके के लोग परेशान हैं। दुर्घटनाओं के बढ़ते खतरे को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में जब एआरटीओ प्रबंधन के मनोज कुमार सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने इस समस्या पर ध्यान दिलाया और आश्वासन दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय लोग अब प्रशासन से उम्मीद कर रहे हैं कि जल्दी ही इस समस्या का समाधान होगा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# जमीयत उल राईन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट गरीब रोजदार को रोजा इफ्तार किट मुहैया कराएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़ ( उप्र )जिले में समाजसेवा के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से लगातार गरीब,जरूरतमंद और असहाय की मदद कर रहे जमीयत उल राईन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रमजान माह में गरीब, जरूरतमंद, असहाय रोजदार को रोजा इफ्तार किट महिने भर का राशन उपलब्ध कराएगा। जमीयत उल राईन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव इरफान राईन ने बताया कि हमारी संस्था साल भर गरीब, जरूरतमंद, असहाय लोगों के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में गरीब छात्र छात्राओं की मदद बगैर किसी भेदभाव के करती रही है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था को समाजसेवा में रूचि रखने वाले लोगों का सहयोग सालभर मिलता रहता है उन्हीं पैसे से हम गरीब और जरूरतमंद की मदद कर रहे हैं। इरफान राईन ने बताया कि हम सभी की योजना है कि जिले में एक गर्ल्स डिग्री कालेज हो और जिले की बच्चियां निशुल्क शिक्षा ग्रहण करे। इरफान राईन ने माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए आपसी भाईचारा और प्रेम बनाए रखने की अपील करते हुए गरीब जरूरतमंद असहाय रोजदार की मदद के लिए लोगों को आगे आने की अपील की। जमीयत उल राईन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट को सहयोग करने वाले सभी लोगों का सचिव इरफान राईन ने शुक्रिया अदा किया।

# खेत में कटीले तार को लेकर चचेरे भाइयों में विवाद

❍ जलालाबाद में भतीजे ने ईंट से किया ताऊ पर हमला, मामला दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जलालाबाद, खेत की रखवाली के लिए लगाए गए कटीले तार को लेकर चचेरे भाइयों में विवाद हो गया। भतीजे ने ताऊ के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। घटना गांव दियुरा की है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को वह अपने खेत पर गए थे। उन्होंने देखा कि उनके भतीजे विपिन ने खेत की रखवाली के लिए लगाए गए कटीले तार खोल दिए थे। इस वजह से आवारा पशु खेत में घुस गए और फसल को नुकसान पहुंचा। धर्मेंद्र ने विपिन से तार दोबारा लगाने को कहा। इस बात पर विपिन गालियां देने लगा। मना करने पर उसने अपने ताऊ धर्मेंद्र पर ईंट से हमला कर दिया। इससे धर्मेंद्र का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गए। सोमवार



दोपहर एक बजे धर्मेंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी विपिन की तलाश कर रही है।

# तहसील में महिला लेखपाल से छेड़छाड़

## वकील ने खसरा बनवाने के बहाने कंधे पर फेरा हाथ, एफआईआर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, सदर तहसील में एक महिला लेखपाल के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। रोजा थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने एक अधिवक्ता पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। घटना एक मार्च की है। महिला लेखपाल तहसीलदार के कार्यालय से बाहर निकल रही थी। इस दौरान एक अधिवक्ता ने उन्हें आवाज देकर रोका। अधिवक्ता ने खसरा बनवाने की बात कही। जब महिला लेखपाल ने खसरा बनाकर दिया, तो आरोपी ने उनके कंधे पर हाथ फेर दिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी अधिवक्ता ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसने कहा कि तुम इसी लायक हो। इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज भी की। पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी राजीव तोमर के अनुसार, महिला लेखपाल की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# शादी समारोह में महिलाओं को घूरने पर बवाल :जलालाबाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

## महिला समेत 3 घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर के जलालाबाद में एक शादी समारोह के दौरान महिलाओं को घूरने को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। घटना 12 पत्थर इलाके में ज्ञान बाबू की बेटी की बारात के दौरान रविवार रात को हुई। कुछ युवकों द्वारा महिलाओं को लगातार घूरने पर विवाद शुरू हुआ।

शराब के नशे में दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो बाद में लाठी-डंडों से मारपीट में बदल गई। इस घटना में रसेम निवासी राजा राम के बेटे अभिषेक, जरौली नवादा थाना बिलग्राम निवासी रवि और मिजार्पुर की रहने वाली रानी घायल हुए। पीड़ित महिला रानी ने बताया कि लड़की पक्ष की ओर से बारात में आए कुछ युवक महिलाओं को घूर रहे थे। महिलाओं के विरोध करने पर मामला बिगड़ गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके कान के झाले भी गायब हो गए। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है और मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी सोमवार को सुबह 11 बजे पुलिस को मिली।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही मासूम की मौत

## 6 महीने के बच्चे को इंजेक्शन लगाया, एक महीने बाद मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से 6 महीने के बच्चे की जान चली गई। थाना कांट क्षेत्र निवासी सोनू के बेटे श्याम को बुखार था। परिजन उसे गांव के झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने बच्चे के कूल्हे में इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही बच्चे के शरीर से खून निकलने लगा। परिजन उसे तुरंत घर ले आए। हालत में सुधार न होने पर उसे एक



प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। २कुछ दिनों बाद हालत में थोड़ा सुधार हुआ तो बच्चे को घर ले आए। लेकिन उसका पैर सूजने लगा। परिजन फिर से अस्पताल गए, लेकिन डॉक्टर ने इलाज से मना कर दिया। बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का कहना है कि एक इंजेक्शन की वजह से न सिर्फ बच्चे की जान गई, बल्कि इलाज में काफी पैसे भी खर्च हुए। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आयुर्वेद कौशल कार्यशाला

## चुनार के एपेक्स इंस्टीट्यूट में आयोजन, 550 से अधिक छात्रों ने लिया प्रशिक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, समसपुर स्थित एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व आयुर्वेद परिषद वाराणसी महानगर इकाई और एपेक्स इंस्टिट्यूट ने संयुक्त रूप से 'आयुर्वेद कौशलम्-2025' कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में जलगांव से आए अग्निकर्म विशेषज्ञ वैद्य उदय तल्हार और नई दिल्ली से विद्धकर्म विशेषज्ञ वैद्य महेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में आयुर्वेद फैकल्टी, मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सक, पीजी रेजिडेंट्स और बीएएमएस के छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम एपेक्स के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह की संरक्षता में आयोजित किया गया। डीन प्रो. सुनील मिस्त्री, प्रधानाचार्य प्रो. पी.के. सिंह और एकेडमिक हेड प्रो. यशवंत चौहान ने मार्गदर्शन किया। वैद्य डॉ. राकेश मोहन और वैद्य डॉ. उमा कांत श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रांतों से 550 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें लखनऊ, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, बस्ती, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही और प्रयागराज के आयुर्वेद कॉलेजों के छात्र शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलेश दुबे और प्रो. डॉ. गौरी चौहान ने किया। विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार राय और आयुर्वेद महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रो. नीलम गुप्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

# ट्रम्प ने रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन रोके

## कार्रवाइयों का रिव्यू भी करेगा अमेरिका; यूक्रेन जंग पर साथ लाने की कोशिश

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन पर रोक लगा दी है। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ इसके लिए अमेरिकी साइबर कमांड को आदेश दिए है। पेंटागन से जुड़े एक खुफिया अधिकारी के मुताबिक, ये आदेश ट्रम्प और जेलेंस्की की मुलाकात से पहले ही दे दिए गए थे। इसका मकसद यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए, रूस को बातचीत में शामिल करना था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन रूस के खिलाफ की जाने वाली सभी कार्रवाइयों का रिव्यू कर रहा है। हालांकि इस बारे में सार्वजनिक तौर पर जानकारी नहीं दी गई है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को कहा कि यूक्रेन के मुद्दे पर रूस को बातचीत की टेबल पर लाना जरूरी है। मार्को ने कहा कि अगर पुतिन के प्रति विरोधी रवैया



अपनाया जाता है, तो उन्हें टेबल पर नहीं ला पाएंगे। मिशन पर रोक लगाना आम बात दो पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, दो देशों के बीच कूटनीतिक और संवेदनशील बातचीत से पहले इस तरह के मिशन पर रोक लगाना आम बात है। लेकिन रूस के खिलाफ इस तरह के ऑपरेशन से पीछे हटना एक बड़ा दाव है। अधिकारियों के मुताबिक रूस की तरफ से अमेरिकी खुफिया नेटवर्क में घुसने की कोशिश लगातार जारी है। ट्रम्प प्रशासन के पहल हफ्ते में भी रूस ने इस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया। रूस की ये कोशिशें, उसके लंबे समय से चले आ रहे मिशन का हिस्सा हैं। अमेरिका में रूस के साइबर हमले बढ़ें पिछले कई सालों में अमेरिकी अस्पतालों और बुनियादी ढांचे पर रैनसमवेयर (साइबर) हमले लगातार बढ़े हैं। इनमें ज्यादातर साइबर हमले रूस से हुए हैं। खुफिया अधिकारियों के मुताबिक इन आपराधिक हमलों को रूसी एजेंसियों की तरफ से मंजूरी दी गई थी। यूरोप में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं।

इनमें कम्युनिकेशन केबल को काटने की कोशिश और जर्मनी की हथियार कंपनी के उएड की हत्या की साजिश शामिल हैं। पिछले साल इनमें तेजी भी देखने को मिली। अमेरिका अब तक इन मामलों में यूरोप की मदद करता आ रहा है। लेकिन रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन को रोकने से यूरोपीय देशों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी चुनाव में रूस का दखल बढ़ा बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिकी खुफिया विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव में रूस का दखल बढ़ हैं।

रूस ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में भी एक बड़ा अभियान चलाकर नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश की थी। इससे निपटने के लिए अमेरिकी साइबर कमांड ने सीक्रेट मिशन चलाए थे। रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन पर रोक लगाने वाले ट्रम्प प्रशासन के हालिया आदेश से अमेरिकी एजेंसियों को कोशिशों को झटका लग सकता है।

# यूक्रेन को मिसाइल के लिए 14 हजार करोड़ देगा ब्रिटेन

## ब्रिटिश पीएम बोले- जेलेंस्की का दोगुना समर्थन देंगे; अमेरिका को भरोसेमंद साथी बताया

एजेंसी

लंदन, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर यूक्रेन को 14 हजार करोड़ रुपए की मदद देंगे, जिससे यूक्रेन 5000 एयर डिफेंस मिसाइल खरीदेगा। स्टार्मर ने कहा कि ये मिसाइल ब्रिटेन के बेलफास्ट में बनाई जाएंगी, जिससे हमारे डिफेंस सेक्टर में नौकरियां बढ़ेंगीं। एक दिन पहले उन्होंने जेलेंस्की को 24 हजार करोड़ रुपए का लोन देने की बात कही थी। स्टार्मर ने ये भी कहा कि अमेरिका कई दशकों से हमारा भरोसेमंद साथी रहा है और आगे भी बना रहेगा। ब्रिटिश पीएम ने ये बातें यूक्रेन जंग के मुद्दे पर यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट के बाद कहीं। इस बैठक



में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए। स्टार्मर ने कहा कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता ब्रिटिश लोगों की सुरक्षा देना और उनके हितों की रक्षा करना है, खास करके इस मुश्किल वक्त में। हमारी कोशिश यूक्रेन को मजबूत स्थिति में लाना है। हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन दोगुना कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि समिट में शामिल नेताओं ने यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने और रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने पर सहमति जाहिर की है। किसी भी शांति वार्ता में यूक्रेन को शामिल किया जाना चाहिए। स्टार्मर का कहना है कि समझौते में रूस को भी शामिल करना जरूरी होगा, लेकिन रूस ने इससे पहले कई बार समझौतों का उल्लंघन किया है, ऐसे में हमें यह तय करना होगा कि यूक्रेन को दी जाने वाली गारंटी पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। आगे के संघर्ष से बचने के लिए गारंटी की जरूरत है। इस बैठक से पहले स्टार्मर ने कहा था कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के प्लान पर काम करने के लिए राजी हुए हैं। ये प्लान अमेरिका के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ये प्लान तभी काम करेगा जब अमेरिका अपनी सुरक्षा गारंटी पर टिका रहेगा। ब्रिटिश पीएम ने गले लगाकर जेलेंस्की का स्वागत किया ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने दो बार यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को गले लगाया। सबसे पहले उन्होंने जेलेंस्की के लंदन पहुंचने पर गले लगाकर उनका स्वागत किया, फिर डिफेंस समिट में जेलेंस्की के पहुंचने पर दूसरी बार गले लगाया। इससे पहले जब जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो सड़कों पर लोगों ने जेलेंस्की के सपोर्ट में जोरदार नारे लगाए। स्टार्मर ने उन्हें रिसीव किया और कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है।

# ट्रम्प से विवाद के बावजूद डील को तैयार जेलेंस्की

## कहा- अमेरिका बुलाएगा तो दोबारा जाऊंगा, हमारी बहस से सिर्फ पुतिन को फायदा मिला

एजेंसी



लंदन, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वे अमेरिका-यूक्रेन मिनरल्स डील पर दस्तखत करने के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने लंदन में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि वे पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बहस के बाद भी अमेरिका के साथ बातचीत करने को इच्छुक हैं। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुई उस घटना का अमेरिका या यूक्रेन को नहीं, बल्कि सिर्फ रूसी राष्ट्रपति पुतिन को फायदा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे मिनरल डील के लिए बुलाया जाता है तो मैं व्हाइट हाउस वापस जाऊंगा। सुरक्षा गारंटी की शर्त फिर से रखी जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी की मांग सुनी जाएगी। दोनों पक्ष इस पर सहमत होते हैं तो डील पर दस्तखत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे बस चाहते हैं कि यूक्रेन का पक्ष भी सुना जाए। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे साझेदार याद रखें कि इस जंग में हमलावर कौन है। जेलेंस्की ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि हम अमेरिका की अहमियत को समझते हैं। ऐसा कोई भी दिन नहीं गुजरा, जब हमने अमेरिका का एहसान न माना हो। जेलेंस्की ने फिर कहा कि हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि शांति के लिए सुरक्षा गारंटी जरूरी है। यह पूरे यूरोप की स्थिति है। जेलेंस्की-ट्रम्प की बहस के बाद डील कैंसिल हुई जेलेंस्की 28 फरवरी को ट्रम्प के साथ मिनरल्स डील पर साइन करने के लिए अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उनकी बहस हो गई।

इसके बाद जेलेंस्की समझौता किए बिना ही लंदन चले गए थे। जेलेंस्की से जब पत्रकारों ने पूछा कि ट्रम्प और वेंस से बहस के बाद अब वे कैसे इसे ठीक करेंगे तो उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच रिश्ते जारी रहेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूक्रेन को अमेरिका से मदद मिलना बंद हो जाती है तो इसका फायदा सिर्फ रूस को ही मिलेगा। इससे पहले रविवार को ही जेलेंस्की ने कहा था कि रूस के कब्जे किए हुए किसी भी यूक्रेनी इलाके को हम मान्यता नहीं देंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि हमारी जमीन बिक्री के लिए नहीं है। हमारी आजादी बिक्री के लिए नहीं है। हम इस चीज के लिए बहुत बड़ी कीमत चुका रहे हैं। रूस ने हम पर ये सब थोपा है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस के साथ जंग के अंत तक पहुंचने के लिए अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है।

# जापान परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि पर संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेगा

एजेंसी

तोक्यो । जापान परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि पर संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेगा। देश के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका का परमाणु क्षमता से लैस होना जापान की सुरक्षा के लिए अहम है और सम्मेलन में तोक्यो की भागीदारी से गलत संदेश जाएगा। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने तोक्यो में संवाददाताओं से कहा कि जापान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण न्यूयॉर्क में सोमवार से शुरू हो रहे इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल नहीं होगा। हयाशी ने कहा,



गंभीर सुरक्षा माहौल में लोगों के जीवन और संपत्तियों के साथ-साथ जापान की शांति एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए परमाणु क्षमता अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में जापान की भागीदारी परमाणु क्षमता (के प्रति समर्थन) को लेकर जापान की नीति के बारे में गलत संदेश भेजेगी और शांति एवं सुरक्षा कायम रखने की तोक्यो की कोशिशों में बाधा पैदा करेगी। परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संयुक्त राष्ट्र संधि को 2017 में मंजूरी दी गई थी।

द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका के परमाणु हमले की पुनरावृत्ति को रोकने के मकसद से दशकों तक चलाए गए अभियान के बाद 2021 में इसे लागू कर दिया गया था।

परमाणु हमलों का सामना करने वाला एकमात्र देश होने के बावजूद जापान ने संधि पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है, क्योंकि उसका कहना है कि किसी भी परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र की भागीदारी के बिना इसका लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं है। हयाशी ने कहा कि पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा लेने से अप्रसार संधि को मजबूत करने के लिए समर्थन हासिल करने के जापान के प्रयास में बाधा आएगी और परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिशें भी प्रभावित होंगी।

> **परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि पर संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में जापान हिस्सा नहीं लोगा। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने तोक्यो में संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका का परमाणु क्षमता से लैस होना जापान की सुरक्षा के लिए अहम है और सम्मेलन में तोक्यो की भागीदारी से गलत संदेश जाएगा।**

# एफआईआर का आदेश रद्द कराने हाईकोर्ट पहुंचीं पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच, चार मार्च को होगी सुनवाई



एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और तीन पूर्णकालिक निदेशकों ने लिस्टिंग धोखाधड़ी मामले में उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए मुंबई की एक अदालत द्वारा पारित आदेश को रद्द करने के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। कोर्ट दाखिल याचिकाओं पर 4 मार्च को सुनवाई करेगा। यह सेबी द्वारा एक बयान जारी करने के बाद आया है जिसमें कहा गया है कि वह उक्त फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। इसने शिकायत को तुच्छ और आदतन वादी की ओर से आने के कारण खारिज कर दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार इस मामले का उल्लेख न्यायाधीश एससी डिगे के समक्ष किया गया और कल सुनवाई होने की उम्मीद है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सेबी अधिकारियों की ओर से पेश हुए। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। यह मामला 1994 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में एक कंपनी की लिस्टिंग से संबंधित वित्तीय धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघन के आरोपों से संबंधित था। वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने बीएसई अधिकारियों का प्रतिनिधित्व किया। अश्वनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय सेबी के तीन पूर्णकालिक निदेशक हैं और प्रमोद अग्रवाल और सुंदररमन राममूर्ति दो बीएसई अधिकारी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जांच पर स्थिति रिपोर्ट अगले 30 दिनों के भीतर सौंपे जाने की उम्मीद है। डोंबिवली के एक पत्रकार सपन श्रीवास्तव ने कंपनी की लिस्टिंग में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि लिस्टिंग सेबी अधिनियम, 1992 के मानदंडों के खिलाफ हुई और बुच और निदेशक अपने नियामक कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहे। शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी बाजार में हेरफेर, अंदरूनी व्यापार और शेयर कीमतों की कृत्रिम मुद्रास्फीति में भी लगे हुए थे, जिसने निवेशकों को धोखा दिया

> **कोर्ट दाखिल याचिकाओं पर 4 मार्च को सुनवाई करेगा। यह सेबी द्वारा एक बयान जारी करने के बाद आया है जिसमें कहा गया है कि वह उक्त फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। इसने शिकायत को तुच्छ और आदतन वादी की ओर से आने के कारण खारिज कर दिया।**

# हिमानी नरवाल की फेसबुक फ्रेंड सचिन ने की हत्या

## मोबाइल चार्जर से घोंटा गला, अटैची में भरकर फेंका, एडीजीपी का खुलासा

> **हिमानी नरवाल हत्याकांड में एडीजीपी केके राव ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए खुलासा किया कि सचिन ने हिमानी नरवाल की हत्या की है.**




एजेंसी

रोहतक : हिमानी नरवाल हत्याकांड में रोहतक के एडीजीपी केके राव ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर खुलासा किया कि उसी के दोस्त सचिन ने हिमानी की हत्या की है और फिर अटैची में भरकर उसको फेंका है. फेसबुक फ्रेंड ने की हिमानी नरवाल की हत्या : हिमानी नरवाल हत्याकांड पर रोहतक में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एडीजीपी कृष्ण कुमार राव ने पूरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए कहा कि पुलिस गिरफ्त में आया 30 वर्षीय आरोपी सचिन पिछले एक साल से हिमानी का फेसबुक फ्रेंड था. वो झज्जर जिले के खेरमपुर गांव का रहने वाला था और दो बच्चों का पिता था. 27 फरवरी को आरोपी सचिन रात 9 बजे हिमानी के घर पहुंचा और रात को वहीं रुक गया. 28 फरवरी को हिमानी और सचिन का झगड़ा हुआ जिसमें कुछ चोट सचिन को भी लगी. इसके बाद सचिन ने हिमानी के हाथ पैर चुन्नी से बांधे और मोबाइल चार्जर से गला घोंटकर उसकी हत्या कर डाली.

### हिमानी नरवाल हत्याकांड में पुलिस का खुलासा

हिमानी को अटैची में भरकर फेंका : आरोपी सचिन ने इसके बाद हिमानी के शव को बांध कर अटैची में पैक किया. इसके बाद आरोपी सचिन हिमानी की स्कूटी लेकर हिमानी की अंगूठी, चेन, मोबाइल और लैपटॉप लेकर झज्जर की दुकान में छुपाने के लिए पहुंचा. आरोपी इसके बाद 28 फरवरी की रात 10 बजे वापस आया और फिर अटैची में बंद हिमानी की लाश को ऑटो में लेकर दिल्ली बाईपास पहुंचा और फिर बस में डेडबॉडी लेकर सांपला बस स्टैंड के पास फेंक कर चला गया. एडीजीपी कृष्ण कुमार राव ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए 8 एसआईटी टीमें बनाई गई थी.

### आरोपी सचिन

पुलिस रिमांड में आरोपी सचिन : पुलिस गिरफ्त में आए सचिन को कोर्ट में पेश किया गया. पुलिस ने अदालत से आरोपी सचिन की 7 दिन की रिमांड मांगी थी, हालांकि कोर्ट ने 3 दिन की पुलिस रिमांड दी है. वहीं पुलिस ने हिमानी के शव को परिजनों के हवाले कर दिया है जिसके बाद परिजनों ने हिमानी नरवाल को अंतिम विदाई देते हुए उसका दाह संस्कार कर दिया है.

# दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता : न्यायालय

> **फैसले में कहा गया है कि चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) उम्मीदवार फैसले के आलोक में न्यायिक सेवा चयन के लिए विचार किए जाने के हकदार हैं और यदि वे पात्र हैं तो उन्हें रिक्त पदों पर नियुक्त किया जा सकता है।**



एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने पिछले साल तीन दिसंबर को कुछ राज्यों में न्यायिक सेवाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों को आरक्षण न दिए जाने को लेकर स्वतः संज्ञान वाले एक मामले सहित छह याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति महादेवन ने फैसला सुनाते हुए कहा कि न्यायिक सेवा में भर्ती के दौरान दिव्यांगजन के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा सरकार को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उनके लिए सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, चाहे वह कटऑफ के माध्यम से हो या प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण.. किसी भी प्रकार के ऐसे अप्रत्यक्ष भेदभाव में हस्तक्षेप किया जाना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप दिव्यांगजन को अवसर से वंचित रखा जाता हो ताकि मौलिक समानता बरकरार रखी जा सके। फैसले में कहा गया कि किसी भी उम्मीदवार को केवल उसके दिव्यांग होने के कारण अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता।

# रमजान-होली को देखते हुए अलर्ट हुई उत्तर प्रदेश पुलिस

## 24 घंटे होगी हिमाकत करने वालों पर कड़ी निगरानी

> **उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार का कहना है कि ट्रेनों की आवाजाही के दौरान किसी तरह की अराजकता ना हो और ट्रैक पर कोई पथराव ना करे इसके लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए गए है। थानेदारों को रेलवे ट्रैक पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है।**

एजेंसी

रमजान, ईद और होली को देखते हुए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सुरक्षा कड़ी रहे इसके लिए उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए है। इस बार हर तरह से सुरक्षा देने के लिए 24 घंटे के लिए रेलवे ट्रैक से लेकर सोशल मीडिया पर हिमाकत करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार का कहना है कि ट्रेनों की आवाजाही के दौरान किसी तरह की अराजकता ना हो और ट्रैक पर कोई



पथराव ना करे इसके लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए गए है। थानेदारों को रेलवे ट्रैक पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है। जानकारी के मुताबिक राज्य में होली के त्योहार को देखते हुए ही अन्य कार्यक्रमों की अनुमति दी जाएगी। त्योहार को देखते हुए किसी तरह की नई परंपरा या नया जुलूस निकाले जाने की अनुमति नहीं होगी। होलिका दहन हो या जुमे की नमाज इसे देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम भी पुख्ता होंगे।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने टीम के सदस्यों को जरुरी दिशा निर्देश जारी किए है। डीजीपी के मुताबिक ट्रेनों पर पथराव ना हो इसके लिए भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। इलाके के एसीपी को होलिका दहन और जुमे की नमाज को लेकर नागरिकों के साथ बैठक करने को कहा है। किसी तरह की समस्या आने पर तत्काल जानकारी दी जानी चाहिए।

### थाना प्रभारियों को निर्देश जारी

डीजीपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने क्षेत्र के रेलवे ट्रैक का नक्शा भी रखें। पुलिस को ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों का ब्यौरा अपने पास रखना चाहिए। रेलवे पटरियों के पास रहने वाले लोगों का ब्यौरा तैयार करने को कहा गया है। इतना ही नहीं, सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच के निर्देश दिए गए हैं। ड्रोन के जरिए निगरानी बढ़ाई जाएगी।

संक्षेप

## बैट्री रिक्शा पलटने से हादसा

**बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर मौत, घर से रिक्शा लेकर जा रहे थे कादीपुर**

सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना चांदा-कादीपुर रोड पर कादीपुर खुर्द गांव के पास सोमवार दोपहर में हुई है। कादीपुर खुर्द के रहने वाले मुरली निषाद सुबह अपने घर से बैट्री रिक्शा में कादीपुर जा रहे थे। कादीपुर खुर्द मोड़ के पास उनका बैट्री रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में मुरली गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत मदद की और घायल मुरली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर पहुंचाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शव चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय भेज दिया। वहीं, परिवार का घटना के बाद से रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल कादीपुर एके सिंह ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बेटे की शादी में जा रहे राजस्व निरीक्षक से लूट

**सुल्तानपुर में बाइक सवार बदमाशों ने छीना 2 लाख रुपए से भरा बैग, तलाश जारी**

सुलतानपुर, बाइक सवार बदमाशों ने राजस्व निरीक्षक से दो लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया। यह घटना लखनऊ-बलिया हाईवे पर नगर कोतवाली क्षेत्र के अमहट चौराहे के पास स्थित गायत्री मंदिर के निकट पेट्रोल पंप पर हुई। जानकारी के अनुसार, बलिया में तैनात राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र शुक्ला रविवार रात्रि अपने बेटे की शादी में जा रहे थे। जब वह शिव वाटिका की ओर जा रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनसे रुपयों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे भूमि मुआवजे में बड़ी धोखाधड़ी

**किसान के खाते में आए 36 लाख रुपये, आरोपी ने फर्जी तरीके से निकाले**

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के भूमि अधिग्रहण मुआवजे में बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के रामनाथपुर गांव के जवाहर लाल की जमीन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण में अधिग्रहित की गई थी। अशिक्षित जवाहर लाल तहसील के काम के लिए संचित नाम के व्यक्ति के साथ जाते थे। अगस्त 2018 में जवाहर लाल के खाते में मुआवजे के 36.65 लाख रुपये आए।

# 1.20 करोड़ की स्मैक बरामद

**एंटी नॉरकोटिक्स टास्क फोर्स ने बाराबंकी के तस्कर को पकड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, स्मैक की बिक्री थम नहीं रही है। एंटी नॉरकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने बाराबंकी के एक तस्कर करे अरेस्ट कर उसके पास से 600 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। टास्क फोर्स का कहना है कि बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार के हिसाब से 1 करोड़ 20 लाख रुपये है।

मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ इन दिनों अभियान चलाया जा रहा है।

एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट वाराणसी के नेतृत्व में एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज ने मो इरशाद पुत्र नसरुद्दीन निवासी ग्राम चौखंडी थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को अरेस्ट कर स्मैक बरामद की। तस्कर की उम्र करीब 23 वर्ष है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह माल (स्मैक) मो. शानू पुत्र तौफीक निवासी नवीगंज थाना कोतवाली बाराबंकी से लेकर आया था।

स्मैक की खेप को विक्की उर्फ श्रीनाथ निवासी प्रयागराज को सौंपनी थी। शानू उसे बस अड्डे पर मिलने वाला था। इरशाद से पूछताछ के बाद टीम शानू की तलाश में छापेमारी कर रही है। साथ ही एक टीम बाराबंकी पहुंची है।

## सड़क हादसे में दंपति समेत 3 की मौत

**अमरोहा में शादी समारोह से लौटते समय दो बाइकें टकराईं, सड़क पर गिरे, कैंटर ने कुचला**

अमरोहा, कांठ रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद हुआ। सिहाली गांव के जयवीर (40) और उनकी पत्नी आदेश (38) एक शादी समारोह से लौट रहे थे। दूसरी बाइक पर झनकपुरी निवासी जितेंद्र (30) अपने दोस्त राजू के साथ गन्ने का बीज खरीदने जा रहे थे। छावा गांव के पास दोनों बाइकें टकरा गईं। टक्कर के बाद चारों लोग सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान कांठ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कैंटर ने उन्हें कुचल दिया। जयवीर, आदेश और जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। राजू को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सीओ पंकज त्यागी के अनुसार क्षतिग्रस्त बाइकों और कैंटर को कब्जे में ले लिया गया है।

# हाईकोर्ट में केस लिस्टिंग का तरीका बदला, वकील परेशान

**काजलिस्ट में दिनभर के सभी मुकदमे फ्रेश, अनलिस्टेड, लिस्टेड एक सीरियल में होंगे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमों की लिस्टिंग व्यवस्था में अचानक बदलाव किया गया है। अब काजलिस्ट में दिनभर के सभी मुकदमे (फ्रेश, अनलिस्टेड, लिस्टेड आदि) एक सीरियल में (क्रम संख्या एक से अंत तक) होंगे। फरवरी माह तक सीरियल नंबर एक से 2999 तक दर्ज मुकदमे फ्रेश, तीन हजार से 7999 तक तक अनलिस्टेड केस और सीरियल नंबर आठ हजार दर्ज मामले प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र होते थे। ऐसे में किसी कोर्ट में या कॉरिडोर में मौजूद अधिवक्ता सीरियल नंबर से जान जाता था कि किस कोर्ट में क्या चल रहा है। नया तरीका तीन मार्च से लागू कर दिया गया है। हाईकोर्ट के वकीलों का कहना हैं कि अब किसी भी कोर्ट में क्या चल रहा है, यह जानने के लिए पूरी काजलिस्ट याद रखना पड़ेगा, जो काफी मुश्किल कार्य है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के मुकदमों की लिस्टिंग का नया तरीका वकीलों को फिलहाल परेशान करेगा। इस सिस्टम को समझने में और इसके अनुसार ढलने में समय लगेगा। आशुतोष त्रिपाठी ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष/महासचिव से इस पर अविलंब संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

# त्योहारों को लेकर अमेठी पुलिस अलर्ट

- गांव-गांव जाकर अपराधियों का सत्यापन, होलिका दहन स्थलों पर विशेष नजर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी पुलिस होली, रमजान और ईद जैसे आगामी त्योहारों को लेकर सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीमें ग्राम अपराध रजिस्टर (रजिस्टर-8) लेकर गांव-गांव पहुंच रही हैं। वे पुरस्कार घोषित अपराधियों, फरार अपराधियों और जिलाबदर अपराधियों की जानकारी जुटा रही हैं। साथ ही चिह्नित माफिया और हिस्ट्रीशीटर्स की वर्तमान स्थिति की भी जांच की जा रही है। पुलिस विशेष रूप से होलिका दहन स्थलों पर नजर रख रही है। पिछले 5 सालों में होली के दौरान हुई घटनाओं के आरोपियों का सत्यापन किया जा रहा है। विवादों की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि त्योहारों के दौरान कोई भी अपराधी असहज स्थिति पैदा करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# पिछड़ा आयोग मंत्री का अमेठी दौरा

**मुसाफिरखाना वन विभाग में श्रीमाली का स्वागत, विकास कार्यों का दिया आश्वासन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, उत्तर प्रदेश के पिछड़ा आयोग मंत्री सोहन लाल श्रीमाली का अमेठी के मुसाफिरखाना वन विभाग कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंत्री श्रीमाली ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए चल रहे कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने विकास कार्यों को और तेज करने का वादा किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारों के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं मंत्री के सामने रखीं। श्रीमाली ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस आयोजन से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ। क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# बोलेरो ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 4 लोग घायल

- अमेठी में 2 की हालत गंभीर, चालक फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, संग्रामपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना हुई। ठेगहा गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में ई-रिक्शा चालक अमित मिश्रा, नरेंद्र यादव, उषा यादव और उनकी बेटी शामिल हैं। अमित मिश्रा किशुनगंज बाबूगंज अंतू के रहने वाले हैं। उषा यादव दला का पुरवा छाछा की रहने वाली हैं। ई-रिक्शा अमेठी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान छाछा मोड़ से आ रही बोलेरो ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। डायल 112 पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अमित मिश्रा और उषा यादव की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# तेज रफ्तार कार घर में घुसी

**लेंटर मशीन टूटी, चालक फरार, घर के लोग बाल-बाल बचे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, डेढ़ पसार गांव में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर घर में जा घुसी। कार ने घर के बाहर रखी लेंटर मशीन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मशीन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना रात के समय की है। घर के लोग अंदर सो रहे थे। कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सीधे घर की दीवार से टकरा गया।

टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घर के बाहर सो रहे कुछ लोग भी बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस चालक के नशे में होने की संभावना की भी जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गांव में तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने सुरक्षा इंतजामों को बढ़ाने की भी मांग की है। लोगों का कहना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सकेगा।

# रिंग सेरेमनी में दुल्हन को खींच ले गई गर्लफ्रेंड

**अलीगढ़ में बोली- ये मेरी प्रेमिका; मैं 4 साल से प्यार करती हूं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, रिंग सेरेमनी के दौरान हंगामा हो गया। स्टेज पर बैठी दुल्हन को उसकी सहेली खींच ले गई। एक घंटे तक दोनों कमरे में बंद रहीं। जब दरवाजा खुला तो दुल्हन के परिजनों ने उसकी सहेली की पिटाई कर दी। सहेली ने बताया कि हम दोनों एक दूसरे से प्यार करते हैं। 4 साल से रिलेशन में हैं। इसने मेरी शादी तुड़वा दी, कहा था कि अगर मैंने शादी की तो जान दे देगी और अब खुद शादी करने जा रही है। यह बात सुनते ही वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। दोनों लड़कियों से बात की। मामला गांधीपार्क थाना क्षेत्र के एक होटल का है। बुलंदशहर के पहासू क्षेत्र की युवती का रिश्ता क्वार्सी इलाके के एक युवक से तय हुआ। रविवार शाम गांधीपार्क अड्डे के एक होटल में रिंग सेरेमनी व गोद भराई की रस्म चल रही थी। रिंग पहनने के बाद जोड़ा स्टेज पर खड़ा था। इसी बीच पैंट-शर्ट पहनी एक लड़की दौड़ते हुए स्टेज पर चढ़ गई और दुल्हन का हाथ पकड़कर नीचे खींचने लगी। वहां मौजूद लोगों ने रोकने की कोशिश की तो हाथापाई शुरू कर दी। दुल्हन को कमरे में खींचकर ले गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। लड़की ने बताया- 2017 में दोनों की मुलाकात कोचिंग में हुई थी। इसके बाद 2021 से दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। दोनों 4 साल से एक साथ थे। दुल्हन बनी युवती ने उसे एक सिम भी दी थी, जिससे दोनों बात करती थीं। दुल्हन की सहेली ने बताया- कुछ दिन पहले उसकी शादी भी शादी तय हुई थी। उसकी भी गोद भराई हो गई थी। 22 अप्रैल को उसके घर बारात आने वाली थी।

# दलित उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन

**मथुरा में चंद्रशेखर आजाद पर हमले का विरोध, एसपी को सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बांदा, मथुरा में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के विरोध में भीम आर्मी ने बांदा में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। पिछले 15 दिनों में मथुरा में दलित समाज के खिलाफ कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। थाना माँट के गांव सिरेला में वासुदेव बघेल की हत्या कर दी गई। थाना रिफाइनरी क्षेत्र के गांव करनावल में दलित समाज की दो शादियों को रोका गया। बारातियों पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। थाना सुरीर के भगत सिंह नगलिया गांव में चंद्रपाल और उनके परिवार पर फायरिंग में तीन लोग घायल हुए। मेरठ के सरदना में एक बारात पर हमला कर दुल्हन के जेवर लूट लिए गए। 28 फरवरी को भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। थाना सुरीर के पास पुलिस की मौजूदगी में उनके काफिले पर हमला किया गया। वापसी में भी उन पर दोबारा हमला हुआ। इस दौरान कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुईं और कार्यकर्ता घायल हो गए। भीम आर्मी ने मृतक वासुदेव बघेल के परिवार को 25 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है। भगत सिंह नगलिया के घायलों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि की मांग की है। पीड़ितों को आत्मरक्षा के लिए लाइसेंस और सुरक्षा की मांग भी की गई है। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया है।

## सड़क पर शव रख परिजनों का 18 घंटे से प्रदर्शन

**नाले में मिली थी युवक की डेड बॉडी, 4 पर हत्या का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मोहनगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में परिजन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। राजा का पुरवा मजरे बारकोट गांव में शाम को संतोष (32) का शव नाले के पास मिला था। पुलिस ने मौके से मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद की। मृतक के भांजे इंद्रेश कुमार ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।।सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।